वर्ष- 13 अंक - 181
लखनऊ, मंगलवार 03 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

शिया समुदाय ने निकाला कैंडल मार्च 02
रंगों की मस्ती के बीच सुरक्षित होली का संदेश 11

## सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिनांक 3 और 4 मार्च 2026 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**

## भारत-कनाडा का 50 अरब डालर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य

# आर्थिक, रक्षा क्षेत्र में भी बढ़ेगा सहयोग : मोदी

▸ दोनों देशों ने आर्थिक क्षेत्र में सहयोग को पुख्ता करने पर व्यक्त की सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत-कनाडा ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाने तथा रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए भारत-कनाड़ा रक्षा संवाद शुरू करने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने आर्थिक क्षेत्र में सहयोग को पुख्ता करने पर भी सहमति व्यक्त की है।

उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कूटनीति और बातचीत से मुद्दों के समाधान पर जोर दिया है। दोनों देशों ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ को मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौती माना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की चार दिन की यात्रा पर आये कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ सोमवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कनाडा और भारत का लोकतांत्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास है और दोनों देश विविधता को पूरी तरह मान्यता देते हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की भलाई हमारा साझा विजन है जो हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने इस साझा विजन को आगे बढ़ाने और अपनी साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने आर्थिक संभावनाओं को पूरा फायदा उठाने के लिए व्यापक आर्थिक सहयोग साझेदारी को जल्द ही अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कनाडा के पेंशन फंडों ने भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश किया है जिससे भारत की विकास यात्रा में उनके गहरे विश्वास का पता चलता है।



### भारत-कनाडा के बीच आठ करार, नौ घोषणाएं

भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है।

### संवाद ही समाधान, भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

पश्चिमी एशिया में जारी सैन्य तनाव और अस्थिर हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति को गंभीर और चिंताजनक बताते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने तथा संवाद का मार्ग अपनाने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मौजूदा संकट का स्थायी समाधान केवल बातचीत और कूटनीतिक प्रयासों से ही संभव है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि भारत की विदेश नीति हमेशा शांति, स्थिरता और संवाद पर आधारित रही है। किसी भी प्रकार का सैन्य टकराव न केवल संबंधित क्षेत्र को अस्थिर करता है, बल्कि उसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर भी पड़ता है। ऐसे में सभी पक्षों को तनाव कम करने और वार्ता की मेज पर लौटने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में क्षेत्रीय संघर्ष सीमित नहीं रहते। उनका असर ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार, वैश्विक बाजारों और मानवीय स्थिति पर पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई से हालात और जटिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का स्पष्ट मत है कि समस्याओं का समाधान कूटनीति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से ही संभव है। भारत शांति स्थापना के हर रचनात्मक प्रयास का समर्थन करता है और आवश्यकता पड़ने पर सकारात्मक भूमिका निभाने को तैयार है।

# फिनलैंड के राष्ट्रपति 4 से 7 मार्च तक भारत दौरे पर

▸ रायसीना डायलॉग में होंगे मुख्य अतिथि

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

फिनलैंड के राष्ट्रपति डॉ. अलेक्जेंडर स्टब 4 से 7 मार्च तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रपति स्टब इस दौरान नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 11वें रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि और कीनोट स्पीकर होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यह उनकी भारत में राष्ट्रपति के रूप में पहली यात्रा होगी।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति स्टब द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति स्टब के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे।



यात्रा के दौरान राष्ट्रपति स्टब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भी उनसे भेंट करेंगे। इसके बाद वे मुंबई जाएंगे, जहां महाराष्ट्र के राज्यपाल और मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात करेंगे। साथ ही भारतीय उद्योग जगत के नेताओं से संवाद करेंगे और मुंबई विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करेंगे।

## सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत यूपी में रिकॉर्ड इंस्टॉलेशन

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा विस्तार का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रूफटॉप सोलर को जन-आंदोलन का रूप देते हुए प्रदेश ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार राज्य में अब तक 11,64,038 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3,93,293 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुके हैं। इसके माध्यम से 3,98,002 परिवार सीधे लाभान्वित हुए हैं।

सभी प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. आनंद त्रिपाठी
हृदय एवं शुगर रोग विशेषज्ञ अवस्थी चिकित्सा केंद्र नियर पोस्ट ऑफिस
ओम प्रकाश अवस्थी (समाजसेवी)

सभी प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज दीक्षित
वरिष्ठ भाजपा नेता/ पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि
हैदरगढ़ बाराबंकी

होली है

सभी प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. डीके मिश्रा
प्रो पार्थ फार्मा क्लीनिक & मेडिकल स्टोर दतौली
हैदरगढ़ बाराबंकी

सभी प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

रजनीश शुक्ल
ब्लॉक मंत्री
उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हैदरगढ़,बाराबंकी

सभी प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
एडवोकेट नितेश सिंह (आशीष)
GST, Income ta&, EPF, ESIC, Lobour
चैम्बर नंबर-1 शांति जगदम्बा श्री रामजानकी मंदिर, भटखेड़ा वार्ड हैदरगढ़
बाराबंकी मानस इंटरप्राइजेज दुग्ध संग्रहण केंद्र एवं बर्फखाना खरसतिया बर्फ के थोक एवं फुटकर विक्रेता
मो -9721699992, 9628705639

होली है

# उप्र में संपत्ति के विवाद में बेटे ने की मां-पिता, बहन व दादी की हत्या

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

पुलिस अधीक्षक आर.एन. सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (रामगांव) में रहने वाले बदलूराम (60) किसान थे। परिवार में पत्नी संजू (56), बेटी पार्वती (42), बेटा गुरुदेव, निरंकार और दादी शीतला (80) थीं। बड़े बेटे गुरुदेव ने बताया कि कुछ साल पहले पिता ने जमीन बेची थी। उस पैसे और संपत्ति को लेकर छोटे भाई निरंकार से विवाद चल रहा था। उसी पैसे के बंटवारे के लिए रविवार रात को छोटा भाई घर आया। पिता ने पैसे देने से मना किया तो उसने पास रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान उसने मां संजू, बहन पार्वती और दादी शीतला पर भी कुल्हाड़ी से कई प्रहार कर दिए। स्थानीय लोग जब उसे पकड़ने लगे तो उसने अपने सिर पर भी ईंट मारकर लहूलुहान कर लिया। *विस्तृत खबर पेज 2 पर*



# भक्त प्रह्लाद की पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रवाना की भव्य शोभायात्रा

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री श्री होलिका दहन उत्सव समिति, पाण्डेयहाता गोरखपुर द्वारा आयोजित पारंपरिक नरसिंह (शोभायात्रा) यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भक्त प्रह्लाद की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने रथ (शोभायात्रा) को रवाना किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं एवं भक्तों के साथ फूलों की होली भी खेली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए समिति को शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि पाण्डेयहाता की यह ऐतिहासिक परंपरा वर्ष 1927 से निरंतर परंपरागत तरीके से संचालित हो रही है, जो गोरखपुर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। आयोजन स्थल एवं शोभायात्रा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान एडीजी जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सहित कैंट एवं कोतवाली क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।



इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, सांसद रवि किशन, विधायक विपिन सिंह, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, भाजपा महानगर संयोजक राजेश गुप्ता सहित होलिका दहन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धा, उल्लास एवं पारंपरिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## अनुमान से अधिक लंबा खिंच सकता है ईरान-अमेरिका युद्ध

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ईरान के दो शीर्ष नेताओं की हत्या के बाद शनिवार को शुरू हुआ अमेरिका-ईरान युद्ध उम्मीद से कहीं अधिक लंबा खिंच सकता है। कई लोग एक छोटे और निर्णायक हमले की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन ईरानी सत्ता पश्चिम की उम्मीदों से कहीं अधिक मजबूती दिखा रही है। अमेरिका और इजरायल ने शनिवार को ईरान में समन्वित हमले कर परमाणु सुविधाओं, सैन्य बुनियादी ढांचों, नौसैनिक अड्डों और वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाया था। तुरंत इसका जवाब देते हुए ईरान ने भी खाड़ी में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इसके बाद अमेरिका ने फिर से जवाबी कार्रवाई का संकल्प दोहराया है। सोमवार तक इस संघर्ष को शुरू हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन इसकी दिशा पहले से ही एक लंबे और जोखिम भरे युद्ध की ओर इशारा कर रही है। पश्चिमी कमान के पूर्व फ्लैग-ऑफिसर-कमांडिंग वाइस एडमिरल शेखर सिन्हा (सेवानिवृत्त) ने यूनीवार्ता को बताया, ईरानियों का प्रतिरोध का एक लंबा इतिहास रहा है। ईरान के पास मिसाइलों और ड्रोन का विशाल भंडार है और उनके सैन्य कारखाने उत्पादन बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा, ऐसे संकेत हैं कि रूस और चीन ने अपनी आपूर्ति लाइनें खोल दी हैं। मुझे डर है कि यह युद्ध कई लोगों के अनुमान से कहीं अधिक लंबा होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका की ओर से युद्ध के स्पष्ट लक्ष्यों की कमी के कारण भी शांति बहाली में मुश्किलें आ सकती हैं। अमेरिकी लगातार अपना लक्ष्य बदलते रहे हैं—कभी ईरान का परमाणु निरस्त्रीकरण, कभी मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करना, तो कभी सत्ता परिवर्तन। रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (आईडीएसए) के पूर्व उप महानिदेशक मेजर जनरल आलोक देव ने कहा कि सत्ता परिवर्तन मुश्किल है क्योंकि ईरान के पास सैन्य और नागरिक नेतृत्व का एक बड़ा समूह है, जिसे नौकरशाही का भी समर्थन प्राप्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सोचना भी गलत हो सकता है कि ईरानी जनता शीर्ष नेताओं की हत्या का फायदा उठाकर सत्ता के खिलाफ विरोध कर देगी।

## मात्र पेशे से सम्बोधित करना एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध नहीं, मंशा जरूरी : हाइकोर्ट

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को उसके पेशे के आधार पर पुकारने मात्र से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध नहीं बनता। जब तक यह सिद्ध न हो कि ऐसे शब्द जानबूझकर उस समुदाय से संबंधित व्यक्ति को अपमानित करने की मंशा से कहे गए। जस्टिस अनिल कुमार-एक्स की पीठ ने गौतमबुद्ध नगर में एससी-एसटी के विशेष जज द्वारा अगस्त 2024 में पारित सम्मन आदेश को चुनौती देने वाली आपराधिक अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की।

# सबसे अधिक राजस्व मामले निस्तारित कर लखनऊ अव्वल


▸ जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर ने फिर मारी बाजी
▸ कुल राजस्व मामले के निस्तारण में प्रयागराज दूसरे, आजमगढ़ तीसरे व जौनपुर चौथे स्थान पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते हैं। योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है।

राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की फरवरी माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में मामलों को निस्तारित किया गया है। वहीं जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले 15 माह से जौनपुर टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है।

लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15 हजार 981 मामले निस्तारित किए गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज में कुल 14 हजार 132 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरा, आजमगढ़ नौ हजार 333 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। आजमगढ़ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप राजस्व मामलों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जनशिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रहीं हैं। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर निपटाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आजमगढ़ ने फरवरी में राजस्व मामलों के निस्तारण में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जौनपुर ने आठ हजार 912 मामले निस्तारित कर चौथा और बाराबंकी ने आठ हजार 378 मामलों का निस्तारण कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।



**खगोलीय घटना** | फाल्गुन पूर्णिमा पर होली खेलने आ रहा तामिया लाल सा चंद्रमा

# होली पर चंद्रोदय के साथ चंद्रग्रहण का योग

**एजेंसी, भोपाल।**

खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए तीन मार्च (मंगलवार) का दिन बेहद खास होने जा रहा है। होली के रंगों के बीच आकाश में चंद्रमा भी ताम्र-लाल आभा के साथ नजर आएगा। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना घटित होगी, जिसमें चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया से होकर गुजरेगा।

भोपाल की राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में यह घटना आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनटों के लिए दिखाई देगी। यह ग्रहण 'ग्रस्तोदय' के रूप में नजर आएगा, यानी चंद्रोदय के समय ही चंद्रमा पर ग्रहण लगा हुआ होगा।




उन्होंने बताया कि ग्रहण की शुरुआत दोपहर लगभग 3 बजकर 20 मिनट से हो जाएगी, लेकिन उस समय भारत में चंद्रोदय नहीं हुआ होगा। आंशिक ग्रहण की समाप्ति शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। जिन नगरों में चंद्रोदय पहले हो जाएगा, वहां ग्रहण कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा। पूर्वोत्तर के शहरों में यह अपेक्षाकृत अधिक देर तक दिखाई देगा। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में ग्रहण का दृश्य लगभग शाम 6꞉01 बजे से दिखाई देना शुरू होगा, जबकि पश्चिम में स्थित आलीराजपुर में यह करीब 6꞉37 बजे नजर आएगा। यह वर्ष 2026 का पहला चंद्रग्रहण होगा।

पूर्ण चंद्रग्रहण को 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है, तो पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य की नीली रोशनी को बिखेर देता है और लाल प्रकाश को चंद्रमा तक पहुंचने देता है। इसी कारण चंद्रमा गहरे लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई देता है।

सारिका घारू के अनुसार, चंद्रग्रहण को बिना किसी विशेष चश्मे के नंगी आंखों से सुरक्षित रूप से देखा जा सकता है। इस खगोलीय घटना का कुछ न कुछ हिस्सा विश्व की लगभग 63 प्रतिशत आबादी देख सकेगी।

### चंद्रग्रहण का समय (भारतीय समयानुसार)

आंशिक ग्रहण आरंभ– दोपहर 3 बजकर 20 मिनिट 07 सेकंडपूर्णग्रहण आरंभ – दोपहर 4 बजकर 34 मिनिट 34 सेकंडपूर्णग्रहण समाप्ति – सायं 5 बजकर 32 मिनिट 49 सेकंडआंशिक ग्रहण समाप्ति– सायं 6 बजकर 47 मिनिट 15 सेकंडपूर्णग्रहण की अवधि – 58 मिनिट खगोल प्रेमियों के लिए यह होली न सिर्फ रंगों से, बल्कि आसमान में दिखने वाले अनोखे नजारे से भी यादगार बनने वाली है।

## ईपीएफओ पर सरकार का फैसला

# कर्मचारियों के लिए ब्याज दर 8.25% बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत निर्धारित की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा गया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2024 में ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था, जो 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी। ईपीएफओ ने मार्च, 2022 में अपने सात करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद जमा पर ब्याज दर को 2021-22 के लिए घटाकर चार दशक से अधिक के न्यूनतम स्तर 8.10 प्रतिशत कर दिया था, जो 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 8.10 प्रतिशत की दर 1977-78 के बाद सबसे कम थी। उस समय यह दर 8.0 प्रतिशत थी। सूत्रों ने बताया, ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने सोमवार को अपनी बैठक में 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर देने का निर्णय किया है। सीबीटी के निर्णय के बाद, 2025-26 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को वित्त मंत्रालय की सहमति के लिए भेजा जाएगा। सरकार की मंजूरी के बाद, 2025-26 का ब्याज ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के खातों में जमा कर दी जाएगी। ईपीएफओ वित्त मंत्रालय के माध्यम से सरकार की मंजूरी के बाद ब्याज दर प्रदान करता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2019-20 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को 2018-19 के लिए निर्धारित 8.65 प्रतिशत से घटाकर सात वर्षों में सबसे कम 8.5 प्रतिशत कर दिया था।

# बेटा बना कसाई : आधी रात को माता-पिता, दादी और बहन को काट डाला

- जमीन के विवाद में सभी को मार डाला, कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट
- आरोपी ने खुद के सिर पर भी मारा ईंट, पुलिस ने किया गिरफ्तार, मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के रुपईडीहा क्षेत्र में कथित तौर पर जायदाद के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, दादी तथा बहन पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी और खुद को भी घायल कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि बसन्तपुर रूदल के मजरा रामगांव निवासी गुरुदेव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार रात करीब 12 बजे शोर सुनकर जब वह अपने कमरे से बाहर निकले तो देखा कि उनका छोटा भाई निरंकार, पिता बदलू राम (60) द्वारा बेची गई जमीन व गहनों से मिली रकम नहीं देने को लेकर झगड़ा कर रहा था।तिवारी ने बताया कि तहरीर के अनुसार इसी दौरान आवेश में आकर निरंकार ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपने पिता बदलू राम (60), मां संजू देवी (56), दादी सिताला देवी (80) और बहन पार्वती (38) की हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, आरोपी ने अपने भाई गुरुदेव के सिर पर भी कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे वह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि गुरुदेव के बेटे आजाद के शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए तो निरंकार ने अपने सिर पर ईंट से कई बार प्रहार कर खुद को भी घायल कर लिया।तिवारी ने बताया कि इस संबंध में निरंकार के विरुद्ध प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल बहराइच में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि गुरुदेव का इलाज रुपईडीहा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीपी तिवारी ने बताया कि फोरेन्सिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**आरोपी ने की आत्महत्या की कोशिश-**

खुद को ग्रामीणों से घिरा देख निरंकार ने भी अपने सिर पर ईंट से हमला कर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे बचा लिया। पुलिस ने निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

## भाजपा जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया होली मिलन कार्यक्रम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय के प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे सहित सभी जिला पदाधिकारी ने आए हुए आगन्तुक मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं के साथ रंग गुलाल लगाकर हर्ष जाहिर किया। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, सांसद डॉक्टर आनंद गोंड, विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने सभी को रंगों के पर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, राहुल राय, उमाशंकर तिवारी, सुषमा चौधरी, सुरेश गुप्ता, जिला महामंत्री डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी ,राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हेंलाल लोधी, धीरेंद्र मोहन आर्य, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव, डॉक्टर डिंपल जैन, हेमा निगम, संजय राव, हरेंद्र विक्रम सिंह, देवेंद्र कुमार मिश्रा, महिला मोर्चा संयोजिका रंजीता श्रीवास्तव व उनकी टीम युवा मोर्चा संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, अखिलेश यादव, सौरभ मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, सतीश सिंह, हर्षित सिंह सहित सभासद गण मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता एवं पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## जिले में 5233 स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी

- प्रशासन अलर्ट, शांति व्यवस्था के लिए पुलिस गश्त पर



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** होलिका दहन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सोमवार देर रात जिले के 5233 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इन 5233 स्थानों में से लगभग 1400 होलिका दहन स्थल नगर क्षेत्र में स्थित हैं, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन संपन्न होगा। जिला प्रशासन ने होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। पिचकारी और रंगों की दुकानें सज गई हैं, जहां 20 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक की पिचकारी उपलब्ध हैं। लोग 'हैप्पी होली' के स्लोगन वाली टी-शर्ट भी खरीदते दिख रहे हैं। होली समिति भी पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सक्रिय है। समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी 'दाऊ' ने बताया कि रंगोत्सव को व्यवस्थित, शांतिपूर्ण और हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कुल 19 पदाधिकारी विभिन्न मार्गों पर भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम की निगरानी करेंगे और पर्व को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी आठ लोग घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर रिठौरा ओवर ब्रिज के पास सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार इको कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार आठ लोग घायल हो गए। घायलों में से चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना तब हुई जब इको कार लखनऊ से सवारियां लेकर बहराइच आ रही थी। कार के अचानक अनियंत्रित होने से यह हादसा हुआ। घायलों में बहाऊ, सुल्ले, अखिलेश, रहमत, प्रदीप और छोटेलाल शामिल हैं। आसपास के लोगों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## होली व रमजान माह के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च

### जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाले अवाछंनीय तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी: अक्षय त्रिपाठी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** होली त्योहार व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से रविवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा नगर क्षेत्रांतर्गत व थाना रिसिया में पैदल गश्त व फ्लैग मार्च किया गया। होली त्यौहार व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु डीएम व एसपी द्वारा पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए प्रमुख मार्गो पीपल तिराहा से घंटाघर चौकी होते हुए समस्त शहर क्षेत्र तथा थाना रिसिया क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। पैदल गश्त के दौरान आमजन को आश्वस्त किया गया कि बहराइच पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है। जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाले अवाछंनीय तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन व डायल-112 को दें।

होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं प्रेम के साथ होली का पर्व मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## खबरें एक नजर में

### भारत-नेपाल सीमा रात 12 बजे से हो जायेगी सील, इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी चालू



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नेपाल में आगामी संसदीय चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा सोमवार रात 12 बजे से सील कर दी जाएगी। यह व्यवस्था चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगी।सीमा 2 मार्च की रात 12 बजे से पूरी तरह बंद हो जाएगी और 5 मार्च की रात 12 बजे चुनाव संपन्न होने के बाद ही इसे फिर से खोला जाएगा। हालांकि, इस अवधि में आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक रंजन संजय ने सीमा क्षेत्र रुपईडीहा का दौरा कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया।महानिदेशक ने सीमा पर पहुंचकर सशस्त्र सीमा बल अधिकारियों के साथ बैठक की और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चेक पोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरे, स्कैनर मशीन और अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया।

### होली-रमजान पर घर लौटे परदेशियों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** होली और रमजान के अवसर पर गांव-घर लौटे प्रवासी परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। जिन परिवारों में अब तक एक भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उन्हें चिन्हित कर 15 दिन के भीतर कम से कम एक सदस्य का कार्ड बनवाने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले में 91 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, शेष 38000 परिवारों की अलग सूची तैयार कर सभी ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों, खंड विकास अधिकारियों और एडीओ पंचायत को उपलब्ध करा दी गई है। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम, सीएचओ, पंचायत सहायकों और कोटेदारों को भी सूची सौंपी गई है, ताकि घर-घर संपर्क कर पात्र लाभार्थियों का कार्ड बनाया जा सके। सीएमओ ने बताया कि अवशेष परिवारों के कई मामलों में मृतक अथवा विवाहित पुत्री का नाम सूची में होने जैसी विसंगतियों के कारण लक्ष्य प्राप्ति में कठिनाई आ रही है। ऐसे मामलों को खाद्य एवं पूर्ति विभाग के साथ समन्वय कर सुधारा जा रहा है। 90 दिन के विशेष अभियान के बाद संशोधित सूची शासन स्तर पर भेजी जाएगी, ताकि अपात्र नाम हटाकर पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा सके।उन्होंने बताया अब तक जनपद में लगभग 10.17 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं शेष 7 के लगभग पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने की प्रगति जारी है जिसकी नियमित निगरानी की जा रही है। हाल ही में सम्पन्न हुए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि त्योहारों में गांव आए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने में पंचायत सहायक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर विशेष सहयोग से शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जाए।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भी जनपदवासियों से अपील की है कि होली और रमजान पर घर लौटे परिवार अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर या पंचायत भवन पर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड गंभीर बीमारी की स्थिति में पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार का सुरक्षा कवच है, इसलिए कोई भी पात्र परिवार इससे वंचित न रहे।

## शिया समुदाय ने निकाला कैंडल मार्च

- ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन, केंद्र से दखल की मांग



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ईरान के सर्वोच्च नेता और शिया धर्मगुरु अयातुल्ला खामेनेई के मौत पर शिया समुदाय ने रविवार देर रात कैंडल मार्च निकाला। समुदाय ने अमेरिका और इजराइल के कथित हमले में मारे गए खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के अकबरपुरा इलाके में स्थित एक मस्जिद में शिया समुदाय के लोगों ने खामेनेई के निधन के बाद मजलिस का आयोजन किया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय में नाराजगी देखी गई, जहां उन्हें शहीद का दर्जा देते हुए जुलूस और प्रदर्शन किए गए। कैंडल मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनके धर्मगुरु किसी ताकत के आगे नहीं झुके और उन्हें शहीद होना पसंद था। यह प्रदर्शन खामेनेई के प्रति सम्मान और उनके निधन पर समुदाय के दुख को दर्शाता है। मुस्लिम समुदाय ने केंद्र सरकार से इस मामले में अपनी नीति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह भी किया।

## ईरान स्थित भारतीयों की जानकारी जुटाने में जुटी सरकार

**उतरौला (बलरामपुर)।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने ईरान में फंसे अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए सक्रिय प्रयास तेज कर दिए हैं। सरकार ने वहां रह रहे भारतीयों, विशेषकर छात्रों और कामकाजी नागरिकों की विस्तृत जानकारी मांगी है, ताकि उनकी स्थिति का सही आकलन कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं तथा समन्वय के साथ राहत और निकासी की योजना तैयार की जा रही है। सूत्रों के अनुसार ईरान में लगभग 10,000 से अधिक भारतीय नागरिक मौजूद हैं, जिनमें बड़ी संख्या मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्रों की है।

## भूसा भरते समय बुजुर्ग को सांप ने काटा

### डिब्बे में बंद करके अस्पताल पहुंचा, डॉक्टरों ने शुरू किया इलाज



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के हरदी इलाके में एक अनोखा मामला सामने आया है। भूसा भरते समय एक बुजुर्ग को सांप ने काट लिया। इसके बाद बुजुर्ग सांप को एक डिब्बे में बंद कर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टरों ने सांप को देखने के बाद उनका इलाज शुरू कर दिया है। यह घटना सोमवार को हरदी क्षेत्र के एक गांव में हुई। 60 वर्षीय बृज भान पांडे अपने घर के अहाते में मवेशियों के लिए भूसा भर रहे थे। तभी भूसे में छिपे एक जहरीले सांप ने उनकी उंगली पर काट लिया। सांप के काटने के बाद बृज भान ने पास रखे चिमटे से उसे पकड़ लिया और एक डिब्बे में बंद कर दिया। उन्होंने तुरंत अपने परिजनों को सांप के काटने की जानकारी दी। परिजन बृज भान और डिब्बे में बंद सांप को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि सांप को देखने से सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति का बेहतर इलाज संभव हो पाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बुजुर्ग को काटने वाला सांप जहरीला था, लेकिन छोटा होने के कारण उसका जहर शरीर में तेजी से नहीं फैला।

## शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन सक्रिय, गैड़ास बुजुर्ग में पैदल गश्त



**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में उप जिलाधिकारी उतरौला एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह ने थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के कस्बा इलाके में भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने मुख्य बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, स्थानीय नागरिकों और राहगीरों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्व की जानकारी मिले तो तत्काल डायल 112 अथवा स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। क्षेत्राधिकारी उतरौला ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल नियमित रूप से क्षेत्र में गश्त करता रहेगा तथा पैदल भ्रमण के माध्यम से आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों या माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस सक्रियता से स्थानीय नागरिकों में विश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है। जनपद पुलिस द्वारा त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर थाना प्रभारी गैड़ास बुजुर्ग सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## होली का त्योहार आपसी भाईचारा व सौहार्द पूर्ण मनाने के लिए कौड़िया प्रभारी निरीक्षक ने फ्लैग मार्च कर लोगों को किया जागरूक



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं होली का त्योहार आपसी भाईचारा एवं सौगात पूर्ण मनाने के लिए क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों को जागरूक करती कौड़िया पुलिस। नवागत प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में समस्त पुलिसकर्मियों ने होली के त्यौहार को लेकर कस्बा कौड़िया बाजार, आर्य नगर, रामापुर, मंगल नगर, मल्लापुर,दुबहा बाजार पठान पुरवा चौराहा ,सहित आसपास के गांव व कस्बा में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को से होली का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने के लिए जागरूक किया। इसमें क्राइम इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव, उप निरीक्षक अमरजीत सोनकर, धर्मेंद्र यादव, श्री कृष्णा यादव,जगदीश प्रसाद, रविंद्र चौहान,चौकी प्रभारी आर्य नगर राजीव कनौजिया, चौकी प्रभारी दुबहा बाजार गोलू तिवारी, कांस्टेबल गुलाब सिंह, ऋषि कुमार, रूपेश सिंह, हेड कांस्टेबल सच्चिदानंद सहित सभी महिला व पुरुष आरक्षी रहे।

## बहू ने सास को 30 सेकंड में मारे 3 थप्पड़

### गोंडा में अलग रहने की रखी जिद, एक साल पहले लोको पायलट बेटे से हुई थी लव मैरिज



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा में सास को बहू ने 30 सेकंड में 3 थप्पड़ मारे। इसका एक सीसीटीवी वीडियो सोमवार को सामने आया है। बहु का कहना है कि वो ससुराल वालों से अलग रहना चाहती है। वो अपने सास-ससुर को बार-बार घर से निकल जाने की धमकी देती है। इसी बात पर उसने सास को मारा था। यह पूरा मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र के रींवा गांव का है। सास सरिता ने बताया कि बेटा कानपुर में लोको पायलट है। बेटे-बहू की करीब 1 साल पहले लव मैरिज हुई थी। फिलहाल, घर में बहू अनीता के अलावा सास सरिता, ससुर गिरीश चंद्र मौर्या, ननद बिंदू रहती है। गोंडा के नवाबगंज थाना क्षेत्र के रींवा गांव में सब्जी विक्रेता गिरीश चंद्र मौर्या, पत्नी सरिता देवी, अविवाहित बेटी बिंदू और बहू अनीता देवी के साथ रहते हैं। उनका बेटा बृजेश मौर्या कानपुर में लोको पायलट के रूप में कार्यरत है। 4 फरवरी 2025 को बेटे बजेश मौर्या की सोनी गुमटी की रहने वाली अनीता से लव मैरिज हुई थी। पीड़ित सास का कहना है कि उनकी बहू उन्हें आए दिन प्रताड़ित करती रहती है। बहू चाहती है कि वो अपने पति के साथ ससुराल वालों से अलग रहे। 28 फरवरी को शाम 6 बजे बहू से अनबन हो गई। बहू ने कहा, 'यह घर मेरा है, यहां मत रहो।' इसके बाद वह सास को थप्पड़ों से मारने लगी। इसका पूरी मारपीट का एक सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सामने आया है। सास सरिता देवी का आरोप है कि पुलिस ने मदद से इनकार कर दिया।

## अंजुमने वफाये अब्बास ने रेहरा माफी में शोक कार्यक्रम आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर)।** रेहरा माफी स्थित शिया मस्जिद में शनिवार को अंजुमने वफाये अब्बास की ओर से ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनाई की मृत्यु/शहादत के अवसर पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे और उन्होंने इस घटना पर दुख तथा संवेदना व्यक्त की। शोक सभा की शुरुआत इख्तितामी दुआ से हुई, उसके पश्चात मौलवी इरफान हैदर ने उपस्थित जनों से अपने विचार साझा किये। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास में कर्बला की त्रासदी एक गहरा असर छोड़ने वाली घटना रही है।

# होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें


Happy Holi

होली व ईद की हार्दिक शुभकामनायें
अनवर उल्ला खाँ
राष्ट्रीय सचिव
समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा
जिला उपाध्यक्ष पश्चिमी उ.प्र.संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल
प्रतिष्ठान: सिटी हास्पिटल हाइवे तिलहर
रायल पैलेस, बनवारीपुर, निकट बतलैया सोसायटी-तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
सर्वोच्च प्रताप सिंह
पुत्र शक्ति कुमार सिंह (बूटी)
शक्ति कुमार सिंह 'बूटी'
पूर्व ब्लाक प्रमुख
सभापति-बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि.(बी-पैक्स) रुजवारी
आवास: ग्राम डभौरा- तिलहर

होली की दिली मुबारकबाद
सैफ अली खाँ
नगर अध्यक्ष, अपना दल- एस
आवास मोहल्ला कच्चा कटरा तिलहर
फर्म: खान कम्प्यूटराइज्ड धर्मकांटा (50 फिट प्लेट)
नेशनल हाइवे तिलहर

होली की दिली मुबारकबाद
दिनेश गुप्ता
प्रिंस गुप्ता
फर्म: साईं बाबा ट्रेडिंग कंपनी
नवीन मंडी स्थल तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
संजीव कुमार गुप्ता
गवर्मेन्ट कान्टेक्टर एण्ड आर्डर सप्लायर
शिवम गुप्ता
शिवम इंजीनियरिंग प्रा.लि.
सत्यम गुप्ता
सत्यम ट्रेडर्स (सप्लायर)
नगर पालिका परिषद, तिलहर
आवास: मोहल्ला कुंवरगंज, तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
पंकज गुप्ता
राइस मिलर
प्रांतीय सचिव
राइस मिलर्स एसोसिएशन उ.प्र.
वंश गुप्ता
'श्याम जी' गुप्ता
प्रतिष्ठान: राधा इंडस्ट्रीज
राधा कोल्ड स्टोरेज
बालाजी ट्रेडिंग कंपनी
श्री बांके बिहारी जी फिलिंग स्टेशन
आवास: मोहल्ला कुंवरगंज- तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
रूम सिंह यादव
प्रबंधक: सेठ रामचंद्र सिंह इंटर कालेज खड़सार
वरिष्ठ भाजपा नेता
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
Holi 2026
डा. हर्षित यादव
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
सीएचसी जलालनगर- शाहजहाँपुर
आवास: ग्राम खड़सार, मोहल्ला निजामगंज तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
कमलेश गुप्ता 'पप्पू'
राइस मिलर
वरिष्ठ भाजपा नेता
निर्मला गुप्ता
पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी भाजपा
राहुल गुप्ता
राइस मिलर
मोहित गुप्ता
राइस मिलर (पूर्व सभासद)
फर्म-एस.के. इंडस्ट्रीज, नेशनल हाइवे तिलहर
एस.के बार एंड रेस्टोरेंट/ पैट स्टोर, निकट पोटरगंज पूर्वी गेट
शिव ट्रेडिंग कंपनी, नवीन मंडी तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अशोक कुमार गुप्ता
राजकीय ठेकेदार
आवास: मोहल्ला कुंवरगंज तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
राजीव कुमार गुप्ता
राजेश कुमार गुप्ता
एस.सी. राइस मिल एंड एम.सी. ब्रिक फील्ड
नेशनल हाइवे तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
AMB
नन्द ओम प्रकाश लाल
आर्य मिष्ठान भंडार
नंदलाल आर्य की पुरानी दुकान
सदर बाजार- शाहजहाँपुर, कार्यशाला निजामगंज तिलहर
प्रो. ओम प्रकाश
रविन्द्र कुमार आर्य
हमारे यहाँ शुद्ध देशी घी से निर्मित उत्कृष्ट मिठाईयाँ नमकीन होली गिफ्ट आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Happy Holi
सुशील बाबू गुप्ता
जिला कार्यालय मंत्री भाजपा
पूर्व उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद तिलहर
इंजी. नमन गुप्ता
जतिन गुप्ता
सभापति साधन सहकारी समिति बतलैया
फर्म-राधा फिलिंग स्टेशन, कौशल फिलिंग स्टेशन
आवास: मोहल्ला कुंवरगंज, तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
सुरेन्द्र स्वीट हाउस
प्रो. सुरेन्द्र कुमार राठौर
बड़ा बाजार, मेन चौराहा- तिलहर

होली की हार्दिक शुभकामनायें
अग्रवाल स्वीट्स
बाजार निजामगंज
दातागंज मोड़, तिलहर
प्रो. महेन्द्र अग्रवाल, शोभित अग्रवाल

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
सुनील कुमार शर्मा
राजकीय ठेकेदार
श्यामा कान्ट्रेक्शन एण्ड सप्लायर
नगर पालिका परिषद तिलहर

होली व ईद की दिली मुबारकबाद
समीर अहमद (गुड्डू)
राजकीय ठेकेदार
आई.बी.कान्ट्रेक्शन
नगर पालिका परिषद तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अनुज कुमार सिंह
राजकीय ठेकेदार
मेसर्स अनुज सिंह
नगर पालिका परिषद तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
शुभम यादव
राजकीय ठेकेदार
मेसर्स शुभम कान्ट्रेक्शन
नगर पालिका परिषद तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
सौरभ सिंह 'गांधी'
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
आवास: ग्राम डभौरा
शिव शक्ति फेमिली एसी रेस्टोरेन्ट
बिलहरी कचियानी खेड़ा, शाहजहाँपुर रोड तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
प्रदीप कुमार रजौरिया
इंचार्ज पुलिस चौकी बिरसिंगपुर
एवं समस्त चौकी स्टाफ
कोतवाली- तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
नितिन मलिक
इंचार्ज पुलिस चौकी बिरियागंज
एवं समस्त चौकी स्टाफ
कोतवाली- तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
हरि किशोर मौर्य
उपनिरीक्षक
कोतवाली- तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
नवीन राय
उप निबंधक
एवं समस्त स्टाफ उप निबंधक कार्यालय
तहसील तिलहर

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Happy Holi
कमलदीप श्रीवास्तव
सम्पत्ति अनुभाग लिपिक
इस्लाम अली
सफाई अनुभाग लिपिक
नगर पालिका परिषद तिलहर

होली व ईद की दिली मुबारकबाद
इकबाल हुसैन 'फूल मियाँ'
सज्जादानशीन
दरगाह हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियाँ
कच्चा कटरा- तिलहर

दैनिक समृद्धि न्यूज के सभी सुधि पाठकों व विज्ञापन दाताओं को होली की हार्दिक शुभकामनायें
मनोज प्रबल
मो. 7905665149 संवाददाता, तिलहर

## खबरें एक नजर में

### 5 मार्च से 10 मार्च तक ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** 5 मार्च से 10 मार्च तक ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन चंडीगढ़ स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जनपद शाहजहांपुर के विकासखंड भवालखेड़ा में पंचायती राज विभाग में कार्यरत तथा ग्राम महाऊ दुर्ग, विकासखंड सिंधौली निवासी अजय पाल 88 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अजय पाल इससे पूर्व तीन बार ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके चयन की प्रक्रिया जिला, मंडल एवं राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के माध्यम से पूरी हुई, जिसका आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय आगरा द्वारा किया गया था। चयन की खबर मिलते ही विभाग और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी शाहजहांपुर प्रमोद कुमार यादव ने अजय पाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अजय पाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और जनपद का नाम रोशन करेंगे। क्षेत्रवासियों ने भी उनकी सफलता की कामना की।

### मो. फरहान ने पास की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा



**शाहजहांपुर।** निगोही ब्लाक के ग्राम छतेनी गांव के निवासी छात्र मो. फरहान ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की है। फरहान ब्लॉक निगोही के उच्च माध्यमिक विद्यालय राघवपुर सिकंदरपुर में आठवीं का छात्र है। छात्र ने 2025-26 की स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेकर सफलता हासिल की है। छात्र की सफलता पर स्कूल के तमाम शिक्षकों व परिवार में खुशी का माहौल है। छात्र के पिता याकूब अली ने बताया कि बेटे फरहान की सफलता पर वह काफी खुश है इससे पहले बड़े बेटे फैजान ने भी इस परीक्षा में सफलता हासिल की थी। छात्रवृत्ति योजना भारत सरकार द्वारा कक्षा 8 के मेधावी छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। चयनित छात्रों को कक्षा 9-12 तक प्रति वर्ष 12 हजार रूपये छात्रवृत्ति मिलती है। जिसकी अवधि चार वर्ष तक होती है।

### जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने मलिन बस्तियों में पहुंची मानवता की टोली



**शाहजहांपुर।** सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध संस्था मानवता वेलफेयर सोसायटी द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज मलिन बस्तियों में जरूरतमंद बच्चों के साथ होली पर्व उत्साह, उमंग और सामाजिक संदेशों के साथ धूमधाम से मनाया गया। संस्था के सदस्यों ने बूचड़ी क्षेत्र में आकर्षक होली सजावट के तथा बच्चों के साथ रंग-गुलाल लगाकर खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों को पिचकारी, रंग एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं प्रेम के साथ हिंसा और नशे से दूर रहकर सुरक्षित एवं शालीन होली मनाने का संदेश दिया गया। संस्था के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा, त्यौहार का वास्तविक आनंद तभी सार्थक होता है, जब सबकी खुशियाँ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचें। यदि हाशिये पर खड़े बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ जाए, हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा अभाव के कारण त्योहार की खुशी से वंचित न रहे। ज्ञात हो कि मानवता वेलफेयर सोसायटी पिछले पाँच वर्षों से निरंतर मलिन बस्तियों में बच्चों की शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं नैतिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। संस्था प्रत्येक त्यौहार अलग-अलग बस्तियों में जाकर मनाती है, जिससे मुख्यधारा से दूर रह रहे बच्चों को भी समान अवसर और अपनापन मिल सके। कार्यक्रम में संस्था सदस्यगण नीरा श्रीवास्तव, प्रज्ञा कश्यप, भारती, शगुन सक्सेना, दिव्यांशी मिश्रा एवं अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे। संस्था ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे जरूरतमंदों की मुस्कान बनने के लिए आगे आएं और प्रेम, सद्भाव एवं मानवीय मूल्यों के साथ त्यौहार मनाएं।

### आरएमएल में मनाया गया होली महोत्सव



**शाहजहांपुर।** 2 मार्च 2026 को होली महोत्सव के उपलक्ष्य में आर. एम. एल. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी द्वारा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकता और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने का संदेश देता है। संस्था की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि सकारात्मक ऊर्जा, नई शुरुआत और सांस्कृतिक एकता का उत्सव है। उन्होंने विद्यार्थियों से सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से होली मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा मिठाई वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थान डॉ. आर. एम. एल. इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार, संस्थान के एच. ओ. डी. डॉ. राजीव कुमार, अरविन्द कुमार, रजनीश कुमार, कु. नीरज गंगवार, दिव्यांक अवस्थी, दिवाकर अवस्थी, हरविन्दर सिंह, अनस हुसैन इदरीसी, कु. कृतिका सिंह, हितेश धर्माधिकारी, अक्षयकांत शर्मा, उत्साह दीक्षित, कु. अंशिका पटेल, कु. शिवांगी मिश्रा, इन्द्रजीत वर्मा, टिंकू सिंह, नरेन्द्र कुमार, रितू मिश्रा, रवि बाबू, कु. वंशिता, कु. शिवाली, कु. अनन्या, कु. वशिका, कु. मानसी, नीरज मिश्रा, कु. साक्षी, कु. ईशा, कु. शीतल, कु. प्रीति, अभिषेक, कु. विनीता, सोनेन्द्र आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## हादसे ने होली पर दो परिवारों की छीन ली खुशियां

# डीसीएम की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

**अल्हागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अल्लहगंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने होली की खुशियों को गहरे मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार और ओवरलोड सीएनजी डीसीएम की टक्कर से ई-रिक्शा सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, समापुर गांव निवासी सर्वजीत अपने पिता मुन्नालाल को दवा दिलाने ई-रिक्शा से जलालाबाद जा रहे थे। रास्ते में गांव दहैना निवासी 35 वर्षीय रवि राम और उनका 12 वर्षीय पुत्र पीयूष भी





ई-रिक्शा में सवार हो गए।

जैसे ही ई-रिक्शा थाना अल्लहगंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर पहुंचा, पीछे से आ रही सिलेंडर लदी तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

मौके पर पहुंचे लोगों ने सभी को बाहर निकाला और एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रवि राम (35) और उनके पुत्र पीयूष (12) को मृत घोषित कर दिया। ई-रिक्शा पर सवार बुजुर्ग मुन्नालाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें फर्रुखाबाद के अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, सर्वजीत को मामूली चोटें आई हैं। गांव में मातम, होली की खुशियां बदलीं गम में हादसे की खबर मिलते ही गांव दहैना और समापुर में कोहराम मच गया। रवि राम की बुजुर्ग मां का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार रवि राम मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे, जबकि उनका बेटा पीयूष स्कूल में पढ़ता था। होली जैसे त्योहार के मौके पर हुई इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। थाना अल्लहगंज पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में डीसीएम चालक की लापरवाही सामने आ रही है। एसपी शाहजहांपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### सगे भाइयों पर एसएसटी की एफआईआर दर्ज

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम कीलापुर की अनुसूचित जाति की क्रांति देवी ने गांव के रामकरन व देशराज यादव दो सगे भाइयों पर शराब पीकर घर में घुसकर जातिसूचक गालियां देने और अश्लील हरकतें करने की रिपोर्ट दर्ज करवाकर क्रांति लिख दी। क्रांति देवी ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि वह ग्राम कीलापुर (नदी पार गोंडा) की रहने वाली है। बीती 13 फरवरी को उसका पुत्र बाहर गया था। तभी ग्राम कीलापुर निवासी सरनाम यादव के पुत्र रामकरण और देशराज शराब के नशे में उसके घर में घुस आए और गंदी गंदी जातिसूचक गालियां देने लगे। आरोप है कि गालियों का विरोध करने पर दोनों भाइयों ने उत्तेजित होते हुए कहा कि इसके लड़के को आने दो,तब तुम दोनों को बांधकर पीटेंगे। इस बीच दोनों दबंग भाइयों ने उसके साथ हाथापाई करते हुए उसके पहने हुए कपड़े खींचे। दबंग इससे पहले भी उसके खेत पर भी अवैध कब्जा कर चुके हैं।

## होली के रंगों के साथ रोज़ा पावर टाउनशिप में फूलों के रंग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

होली के रंगों की आहट के साथ यदि फूलों के रंग भी शामिल हो जाए तो वातावरण की सुंदरता में चार चाँद लग जाते हैं। इन्ही विचारो के साथ आज रोज़ा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड की टाउनशिप में भव्य फ्लावर शो का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 23 प्रजातियों के फूलों और पौधों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। रंग-बिरंगे फूलों की मनमोहक सजावट ने पूरे परिसर को सुगंधित और आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्टेशन डायरेक्टर हृदय तोमर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे और फूल न केवल वातावरण को सुंदर बनाते हैं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भी भरते हैं। उन्होंने हॉर्टिकल्चर विभाग की



सराहना करते हुए कहा कि पौधों और फूलों को तैयार करने में लगभग तीन माह तक निरंतर गुड़ाई-निराई, खाद और पानी जैसी आवश्यक देखभाल करनी पड़ती है, जिसके बाद ही इतने सुंदर पौधे और फूल तैयार हो पाते हैं। उन्होंने विभाग की मेहनत और समर्पण की विशेष प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने सभी टाउनशिप निवासियों से अपील की कि वातावरण को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक फूलों और पौधों को लगाएं तथा पेड़-पौधों के संरक्षण में अपना योगदान दें। फ्लावर शो में एस्टर, पिटूनिया, फ्लॉक्स, जरबेरा, कैलेंडुला, डहेलिया, बरबीना, पैंजी, साल्वीया, डायनथस, एंथूरियम, मैरीगोल्ड सहित विभिन्न प्रकार के फूल प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए फूलों के नामों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निरंजन जेना, सुरेंद्र सिंह, उमेश यादव, धर्मेंद्र बैस, शुभेंदु डे, मनीष कुमार सिंह, अविनाश शुक्ला, राजू शर्मा, ओम प्रकाश, शरद मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, के एन पांडेय, श्रीमती मीना तोमर, रेखा जेना, अंजना बैस, अपर्णा सिन्हा, रूचि सिंह सहित टाउनशिप एवं आसपास के क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे।

### वित्तमंत्री ने जनपदवासियों को होली की दी शुभकामनाएं

**डीएम एवं नगर आयुक्त को साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध के दिए निर्देश, आमजन से रंगों के इस पावन पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रंगों के पावन पर्व 'होली' पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं बल्कि परस्पर प्रेम, सम्मान, सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि होली पर्व को देखते हुए जनपद के प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में होली पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन पूजा तथा होली पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। श्री खन्ना ने आम जन से अपील की है कि रंगों के इस पावन पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों पालन करें और सामाजिक आत्मीयता के साथ होली पर्व को मनाएं।

### डीएम-एसपी ने दी जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं





**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनपदवासियों को होली के त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर से कामना करता हू यह त्योहार लोगों के जीवन में खुशियां लेकर आए। साथ ही साथ जनपद वासियों से अपील करते हैं कि त्योहार को अच्छे ढंग से मनाएं, किसी तरह के असामाजिक कार्यों में लिप्त न हों और अपने बच्चों और परिवार वालों का अच्छे से ध्यान रखे। ताकि यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां लेकर आए। एसपी राजेश द्विवेदी ने होली के त्योहार की सभी को शुभकामनाएं देते कहा कि होली का त्योहार शांति पूर्वक मनाएं, किसी तरह की अफवाह पर बिल्कुल ध्यान न दें। एसपी ने बताया जनपद में 500 रेड कार्ड जारी किए गए हैं। शहर में लाट साहब के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी कर ली हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगी और सीसीटीवी कैमरा से निगरानी कराई जाएगी।

### नगर आयुक्त और सीडीओ ने दी होली की शुभकामनाएं





**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्रा ने सभी शहर वासियों को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने होली के त्योहार को लेकर नगर को स्वच्छ रखा जाएगा और कहीं भी रोड़ पर ईंट, पत्थर, निर्माण के लिए पड़े मलवा को हटवा दिया गया। स्वच्छता को लेकर जोन वार टीमें लगा दी गई हैं। नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारियों की होली तक छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने जनपद वासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम व सौहार्द का है। इसको एक दूसरे के साथ खुशियां बांटकर मनाएं। स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान रखें। जनपद के सभी बीडीओ को निर्देश दिए गए है कि ग्राम स्तर पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें।

### आज मंदिरों के कपाट सुबह 6:20 बजे से शाम 6:48 तक रहेगे बंद

**चंद्र ग्रहण का सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से होगा शुरु**



**शाहजहांपुर।** आज मंगलवार को दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर चंद्र ग्रहण की शुरुआत होगी और शाम 6 बजकर 48 मिनट पर ग्रहण समाप्त होगा। इस वर्ष के पहले चंद्र ग्रहण की अवधि 3 घंटे से ज्यादा रहेगी। चंद्र ग्रहण का सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर लग जाएगा। शहर में होलिका दहन और रंग खेलने को लेकर चल रहे भ्रम की स्थिति को दूर करते हुए बाबा विश्वनाथ मंदिर के आचार्य प्रदीप मिश्रा ने बताया कि होलिका दहन का श्रेष्ठ मुहूर्त सोमवार की रात 11 बजकर 48 मिनट से 12 बजकर 50 बजे तक रहेगा यह मुहूर्त विभिन्न प्रामाणिक पंचांगों, विशेषकर काशी विश्वनाथ मंदिर नगरी वाराणसी से प्रकाशित पंचांगों के आधार पर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में मुहूर्त का विशेष महत्व है। मुहूर्त में किया गया कार्य कल्याणकारी और मंगलकारी होता है, जबकि उसके विपरीत किया गया कार्य शुभ फल नहीं देता। सूतक काल सुबह से ही शाम तक मंदिर के कपाट बंद रहेगे।

## सेंट मेरी स्कूल में खेली गई फूल और गुलाल से होली

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े उत्साह के साथ फूल और गुलाल उड़ाकर साथ होली गई। इस मौके पर प्रबंधक फादर लाइजु एंटोनी ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। सोमवार को रंगोत्सव होली पर्व समारोह की शुरुआत वृंदावन में होने वाली फूलों वाली होली से हुई। जिसमें प्रबंधक से लेकर समस्त स्टाफ एक दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियां डालकर आनंद लिया। इसी क्रम में विभिन्न रंगों के गुलाल को एक दूसरे के ऊपर न केवल डाला और लगाया गया बल्कि गुलाल को उड़ाकर भी होली खेलने का आनंद लिया गया । शिक्षकों के बीच होली खेली गई जिसमें एक दूसरे के रंग लगाया गया। प्रबंधक रेव फॉडर लिजू एंटोनी, और



प्रिंसिपल रेव सिस्टर अविला ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। प्रेम सद्भाव और एकता के महत्व पर बल दिया। समारोह ने सभी को एक साथ लाने का एक अद्भुत तरीका रहा। जिससे समुदाय और दोस्ती की भावना को बढ़ावा मिला।

## ट्रैफिक एडवाईजरी: होली व लाट साहब जुलूस के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन

**एसपी ने पुलिस लाइन में बैठक कर दिए अधीनस्थों को दिशा निर्देश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

होली त्यौहार व लाट साहब जुलूस के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैफिक डायवर्जन किया गया। एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन में बैठकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि बड़े लाट साहब का जुलूस चौक कोतवाली से चारखंभा से केरुगंज तिराहा से खिरनीबाग चौराहा से बाबा विश्वनाथ मंदिर से कुशल होम्योपैथ से पंखी चौराहा से घंटाघर चौराहा से मालखाना मोड़ से चौक कोतवाली से पटी गली सरौदी वंगला



तक जाएगा। जिसके लिए राजघाट तिराहा, बांसमण्डी तिराहा, जीआईसी तिराहा, पीडब्ल्यूडी तिराहा, गोविंद गंज कट, आवास विकास तिराहा से, लालइमली चौराहा, दुर्गा तिराहा, त्रिमूर्ति, कवि तिराहा, कनौजिया तिराहा, सरौदी वंगला, लोधीपुर पुल, अजीजगंज, बरेली मोड़, शहीद उधान, अंटा चौराहा पर बेरिकेटिंग कर यातायात को पूर्णतः बंद किया जाएगा। साथ ही बताया कि छोटे लाट साहब जुलूस सराय काइयां तिराहा से पक्का पुल से पुत्तूलाल चौराहा से पुनः सराय काइयां पर जाकर समाप्त होगा। जिसके लिए हरदोई चौराहा, ग्रीन वैली चौराहा, पुत्तूलाल ओवरब्रिज के नीचे, हथौड़ा चौराहा, हनुमत धाम नया पुल पर बेरिकेटिंग कर यातायात को पूर्णतः बंद किया जायेगा। हाथीथान लाट साहब जुलूस को सकुशल संपादित कराने के लिये गदियाना तिराहा, मछली मण्डी तिराहा, अशफाक़ नगर तिराहा, सतपाल पेट्रोल पंप, रेलवे स्टेशन के आगे बेरिकेटिंग कर यातायात को पूर्णतः बंद किया जाएगा।

शहर में प्रवेश बरेली मोड़, हरदोई चौराहा से अन्दर की ओर आने वाले सभी वाहन हाइवे से अटसलिया पुल से हथौड़ा चौराहा से जीआईसी तिराहा होते हुए पीडब्ल्यूडी तिराहा की तरफ से रोडवेज बस स्टेंड आ सकेंगे। नगरिया मोड़ की तरफ से आने वाले हल्के वाहन स्मार्ट रोड से मालगोदाम से स्टेशन द्वितीय गेट से रेलवे स्टेशन,फटकिया क्रासिंग तक आ सकेंगे। निगोही, पुवायां, खुटार से आने वाले वाहन मछली मण्डी से रिंग रोड होते हुए हथौड़ा चौराहा, अटसलिया की तरफ से अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। शहर से बाहर जाने के लिये रोडवेज बस स्टेंड की तरफ से हरदोई मोड़, बरेली मोड़ के लिये पीडब्ल्यूडी तिराहा से हथौड़ा चौराहा से अटसलिया होते हुए जायेंगे। रेलवे स्टेशन,फटकिया की तरफ से बरेली की तरफ जाने वाले छोटे हल्के वाहन मालगोदाम से स्मार्ट रोड से नगरिया मोड़ होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे द्य रोडवेज बस स्टेंड की तरफ से निगोही, खुटार, पुवायां की ओर जाने वाले पीडब्ल्यूडी तिराहा से हथौड़ा चौराहा से रिंग रोड होते हुए मछली मार्केट की तरफ से अपने गंतव्य को जायेंगे। जुलूस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे एवं उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी आपातकालीन वाहनों को छोड़कर तथा सभी नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि होली पर्व के सफल आयोजन हेतु यातायात पुलिस के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें द्य पुलिस परिवार की ओर से होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

### गाली गलौज और मारपीट का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कोरोंकुइयां निवासी रफ़ाकत पुत्र लियाकत खान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने घर के सामने दरवाजे पर नाला बनवाया था। जिसको ग्राम प्रधान द्वारा तुड़वा दिया गया जब उसने बीते 19 फरवरी 2026 को तुड़वाने का विरोध किया तो उसके ही गांव के (ग्राम प्रधान) वसीम खान पुत्र नसीर खान व नबी मोहम्मद पुत्र शहीद खान ने पीड़ित को गंदी ,गंदी गालियां दी जब उसने गालियों का विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की जिससे उसको गंभीर चोटे आई हैं। किसी तरह उसने भाग कर अपनी जान बचाई उपरोक्त लोगों ने जाते हुए जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने वसीम (ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत कोरोंकुईया) पुत्र नसीर खान व नबी मोहम्मद पुत्र शहीद खान निवासी ग्राम कोरोकुइयां थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया चारो दूलहा में बड़का कमाल सखिया

**माता सीता की विदाई का प्रसंग सुन भक्तों के छलके आंसू**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुमुक्षु आश्रम में चल रही श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथाव्यास श्री विजय कौशल जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के विवाह के प्रसंग को प्रारंभ किया। कथा व्यास ने कहा कि जब राम ने धनुष भंग कर दिया, तो स्वयंवर में मौजूद राजा महाराजा हाहाकार कर उठे। शिवधनुष भंग की घटना जानकर मलय पर्वत पर तपस्या कर रहे परशुराम दौड़े चले आए। उनके हाथ में चमचमाता हुआ फरसा एवं आंखों में भयंकर क्रोध था। माता सीता ने परशुराम जी को प्रणाम किया। जनक जी ने उनसे सीता स्वयंवर का प्रसंग कहा। विश्वामित्र जी के कहने पर राम और लक्ष्मण ने परशुराम जी को प्रणाम किया। परशुराम जी क्रोधित होकर पूरी सभा को ललकार कर बोले, बताओ, शिवजी का यह धनुष किसने तोड़ा। सीता जी की मां परशुराम के अत्यंत क्रुद्ध होने पर मूर्छित होकर गिर पड़ी। राम ने आगे बढ़कर बड़ी ही विनम्रता से परशुराम जी को धनुष भंग के विषय में बताया। परशुराम धमकी देते हैं कि जिसने भी यह धनुष तोड़ा है, वह सामने आ जाए अन्यथा सभी राजा मारे जाएंगे। श्री राम विनम्रतापूर्वक कहते हैं कि धनुष तोड़ने वाला आपका ही कोई दास होगा। किंतु परशुराम का क्रोध शांत नहीं होता। लक्ष्मण जी ने परशुराम के क्रोध का उपहास करते हुए कहा कि बचपन में हमने बहुत सी धनुषियां तोड़ीं, तब तो आप इतना क्रोधित नहीं हुए। उन्होंने व्यंग्य किया कि यह तो धनुष छूते ही टूट गया इसमें रघुनाथ जी का क्या दोष। लक्ष्मण के कटाक्षों से क्रोधित परशुराम जब लक्ष्मण को मारने के लिए आगे बढ़े तब राम ने शांत भाव से बीच-बचाव किया और स्थिति को नियंत्रित किया, जिसके बाद परशुराम का क्रोध शांत हुआ। परशुराम ने भगवान राम के अवतार के रहस्य को जानकर उन्हें दंडवत प्रणाम किया और तपस्या करने चले गए। उधर राजा जनक ने राम और सीता के विवाह का शुभ संदेश अवधपुरी को भेजा है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री राम जी के जैसा मधुर एवं शील स्वभाव किसी देवी देवता का नहीं। कोई घनश्याम सा नहीं देखा... मधुर भजन की संगीतमयी प्रस्तुति से कथा पंडाल भक्ति भाव से सराबोर हो उठा। अवध नरेश राजा दशरथ विवाह का समाचार पाकर बारात तैयार करके जनकपुरी की ओर चल पड़े। जनकपुरी की शोभा देखकर वे परम प्रसन्न हुए। राजा जनक ने राम की बारात में आए सभी बारातियों का यथोचित स्वागत सत्कार किया।बारात में राम जी के साथ उनके तीनों भाई दूल्हा बनकर आए हैं। मिथिला की नारियां चारों को देखकर बड़ी ही प्रसन्न होती हैं और एक दूसरे से बातचीत करने लगती हैं और कहने लगती हैं आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया चारो दूलहा में बड़का कमाल सखिया राम की बारात में सभी देवी देवता ब्राह्मणों का वेश धर शामिल हो गए। कन्यादान की बात सुनकर जनक जी रोने लगे। सिया रघुवर जी के संग पड़न लागीं भांवरिया। गीत की संगीमयी प्रस्तुति से कथा पंडाल में मौजूद श्रोता गण झूम उठे।राम-सीता विवाह के बाद मिथिला में 'कोहवर' (वर-वधू का मिलन/पूजा) और 'जेवनार' (भोज) की रस्में प्रमुखता से होती हैं। कोहवर में सीताजी रामजी को निहारती हैं, जिसे मिथिला में भावी जीवन का संदेश माना जाता है। जेवनार में सखियां रामजी की हंसी-ठिठोली के बीच पारंपरिक भोजन कराती हैं। विवाह के बाद सीता माता को जनक जी और माता सुनयना ने रोते-रोते डोली में बैठाया और बहुत समझा बुझाकर विदा किया। मंच पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज, महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद जी महाराज, अनंत श्री स्वामी अभेदानंद सरस्वती जी महाराज, अनंत श्री स्वामी विवेकानंद सरस्वती जी महाराज, अनंत श्री स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, अनंत श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज एवं स्वामी गंगेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज उपस्थित रहे। कथा प्रारंभ होने से पूर्व व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान चंद्रभान त्रिपाठी एवं सुनीता त्रिपाठी ने किया। आरती एस.डी.एम. संजय कुमार पांडेय, नृपेंद्र सिंह एवं अर्चना सिंह, राम मोहन अग्रवाल एवं सुषमा अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल एवं मिली अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक रवि प्रकाश ने की। प्रसाद वितरण सुरेश सिंघल जी की तरफ से हुआ। कथा श्रवण हेतु प्रबंध समिति के सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की सभी शिक्षण संस्थाओं के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### छोटा सा बीज आज फलदार वृक्ष: स्वामी चिन्मयानंद

कथा के समापन पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि वर्ष 1964 में पूज्य संत शुकदेवानंद जी महाराज द्वारा रोपित छोटा सा बीज आज एक विशालकाय फलदार वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का चरित्र और उनकी कथा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। पूज्य संत विजय कौशल जी महाराज के साथ-साथ सभी पधारे हुए संतों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही महाविद्यालय उच्चीकृत होकर विश्वविद्यालय का रूप ले चुका हो, किंतु श्री रामकथा का आयोजन इस पावन भूमि पर सतत होता रहेगा, क्योंकि इसके साथ शाहजहांपुर एवं उसके आसपास के हजारों लाखों भक्तों की आस्था एवं श्रद्धा जुड़ी है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म एवं शिक्षा का यह मंदिर शाहजहांपुर की धरा के जन-जन के नैतिक, चारित्रिक एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु सदैव समर्पित रहेगा।

# बुरा ना मानो होली है....

**सुरेश खन्ना, वित्तमंत्री**
जोगीरा सारा रा, रा..., निर्णय करें दमदार।
अपनी ही नीति चलाएँ, एक हाथ में अधिकार
सुरेश खन्ना वित्तमंत्री यूपी

**सांसद अरूण सागर**
कुर्सी पाकर दोबारा..जनता से रहते दूर
माननीय के आगे पीछे..चलाते रहते राजनीति के तीर
जोगीरा सारा रा, रा...

**एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता**
एक काम पर दो खड़े..दोनों चाहे श्रेय
मेहनत आधी-आधी सही, बढ़ता जाता द्वेष
जोगीरा सारा रा, रा...

**मिथिलेश कुमार, राज्यसभा सांसद**
राजनीति की खुल गयी, जबसे एक दुकान।
घर से दिल्ली तलक है, अपनी ऊंची शान।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**चेतराम विधायक पुवायां**
बड़े भाग्य से मिल गयी, अब तो हमको छूट।
जनता जाए भाड़ में, लूट सके तो लूट।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**तिलहर विधायक सलोना कुशवाह**
कुर्सी तो पा गई..राजनीति में हैं फेल
छोटे-छोटे ठेका लेकर.. करती कमीशनबाजी का खेल
जोगीरा सारा रा, रा, र...

**जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा**
जिलाध्यक्ष क्या बने..खुल गए किस्तम के द्वार
कृषि विभाग में जब खेल हुआ, उठे हजार सवाल
जोगीरा सारा रा, रा, र...

**कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस**
हर क्षेत्र में दखल रहे, विधायक जी की हरबार
छोटी-बड़ी हर बात में, रखते अपना अधिकार
जोगीरा सारा रा, रा, र

**ददरौल विधायक अरविंद सिंह**
विधायक जी का स्वभाव, सीधा सच्चा भाव
बोलें मीठे सत्य ही, न रखें मन में दुराव
जोगीरा सारा, रा, रा, र...

**मेयर शाहजहांपुर अर्चना वर्मा**
कुर्सी खातिर पार्टी छोड़ी, फिर भी जस की तस

**चेयरमैन पुवायां संजय गुप्ता**
नगर पालिका छोडकर कॉलेज में, लगाएँ अधिक ध्यान।
नगर की समस्याएँ रहें, करती रोज़ बयान
जोगीरा सारा, रा, रा, र...

**कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल पुवायां**
डायरेक्टर रचित अग्रवाल
मृदु वचन, मुस्कान संग, करते सबका मान
मीठा बोली से सजे, उनका हर सम्मान
जोगीरा सारा, रा, रा, र...

**रवि करन सिंह कोतवाली प्रभारी पुवायां**
जनता की सुनते नहीं, डगमग डगमग चाल।
वहीं टपकती लार है, जहां दीखता माल।।
जोगीरा सारा रा रा र ...

**प्रवीण मालिक सीओ पुवायां**
धर्म मार्ग पर चल रहे, रखते संत स्वभाव।
नहीं पुलिस का रौब है, मन में है सदभाव।।
जोगीरा सारा रा रा र ...

**चित्रा निर्वाल एसडीएम पुवायां**
मीठी मीठी बात में, फंस जाते हैं लोग।
फंसकर उनके जाल में, उन्हें लगाते भोग।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह**
मृदुभाषी व्यवहार ही, है रखते पहचान।
जनपद में है अब तलक, ऊंची अपनी शान।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**एसपी राजेश द्विवेदी**
अमन चैन कायम रहे, ऐसा करें प्रयास।
आमजन भी कर रहा, है इन पर विश्वास।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा**
उच्च पद की लालसा, रखते ऐसी सोच।
इसलिए निज काम में, आने देते लोच।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**एडीएम वित्त अरविंद कुमार**
नेताओं के रौब का, रहता सदा दबाव।
इसीलिए पूरा नहीं, होता कोई ख्वाब।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार**
सर्दी-गर्मी में सदा, रखते एक मिजाज।
हाफ शर्ट को पहनकर, करते सारे काज।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्रा**
सीधा सरल स्वभाव है, रहें काम में व्यस्त।
स्वच्छता के नाम पर, मिली स्वच्छता ध्वस्त।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**कारागार अधीक्षक जेपी तिवारी**
जो भी आता पास में, रखते उसका मान।
अपने इस व्यवहार से, पाते यह सम्मान।।
जोगीरा सारा रा रा र ...

**सीडीओ डा.अपराजिता सिंह**
घोटाले दिखते जहां, करती सदा प्रहार।
कार्यवाही होती नहीं, हो जाती वो हार।।
जोगीरा सारा रा रा र...

**सीओ सिटी पंकज पंत**
चेहरे पर शालीनता.. मन में नही घमंड
वर्दी पहनकर भी सदा...रहते सबके संग
जोगीरा सारा रा रा र...

# प्रेम और सौहार्द से मनाये त्यौहार: प्रिंस सिंह

**हुड़दंगियों पर होगी सख्त पुलिस कार्रवाई: राकेश कुमार**

**रूपापुर हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

होली और रमजान को देखते हुए सवायजपुर पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ पूरे रूपापुर कस्बे का भ्रमण कर आम लोगों को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।इस अवसर पर थाना प्रभारी सवायजपुर प्रिंस सिंह ने कहा होली की त्यौहार पर हुड़दंग मचाने वाले अराजक तत्वों से पुलिस सखूती से निपटना जानती है इसलिए सभी लोग प्रेम और शांति से त्यौहार मनाए।रूपापुर चौकी इंचार्ज शिव शंकर



मिश्रा ने कहा पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन किया जाए चुंकि रमजान माह भी चल रहा इसलिए रंग वाले दिन सभी लोग एहतियात बरतें और प्रेम से त्यौहार मनाएं। फ्लैग मार्च कर प्रशासन ने जनमानस को सुरक्षा का एहसास करवाया।उप निरीक्षक राघवेंद्र भूषण प्रताप ने कहा कि सभी का भाईचारा बना रहे और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पुलिस सोशल मीडिया और ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रख रही है ताकि नफरत फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। सुरक्षित माहौल की अपील पुलिस ने जनता से कहा है कि वे शांति और सौहार्द के साथ होली मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें।इस अवसर उप निरीक्षक राकेश सिंह,उप निरीक्षक शिव शंकर मिश्रा,उप निरीक्षक राघवेंद्र भूषण प्रताप,भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# प्रेम और सौहार्द से मनाये त्यौहार: अनुनय झा

**हुड़दंग मचाने वाले बख्शे नहीं जायेंगे: अशोक मीणा**

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

होली और रमजान को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से भारी पुलिस बल के साथ पूरे जनपद का भ्रमण कर आम लोगों को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने कहा होली के त्यौहार पर हुड़दंग मचाने वाले अराजक तत्वों से पुलिस सखूती से निपटना जानती है इसलिए सभी लोग प्रेम और शांति से त्यौहार मनाए।डीएम अनुनय झा ने कहा पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन किया जाए चुंकि



रमजान माह भी चल रहा इसलिए रंग वाले दिन सभी लोग एहतियात बरतें और प्रेम से त्यौहार मनाएं। फ्लैग मार्च कर प्रशासन ने जनमानस को सुरक्षा का एहसास करवाया।इस अवसर पर एएसपी आलोक राज नारायण, एसडीएम अंकित तिवारी, कोतवाली के प्रभारी अरविन्द राय मौजूद रहे। एसपी और डीएम के निर्देश पर एएसपी पूर्वी सुबोध कुमार गौतम ने सांडी कस्बे में और एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने हरपालपुर थाना छेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला इसके आलावा अरवल में प्रभारी अमित सिंह के नेतृत्व में कोतवाली देहात थाना छेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्त्व में माधोगंज और पाली में भी थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# सबका साथ सबका विकास ही मेरा मुद्दा है: पारीशा तिवारी

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे के मधुरम रेस्टोरेंट में सोमवार को दोपहर में भाजपा नेत्री और समाज सेवी पारीशा तिवारी होली मिलन समारोह के तहत मीडिया मीट में पत्रकारों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक वर्ष से शाहाबाद विधान सभा को उन्होंने अपनी राजनैतिक कर्म भूमि बनाकर जनसेवा का संकल्प लिया है। वह भाजपा के घोषणा पत्र सबका साथ सबका विकास के रास्ते पर चल रही हैं। भाजपा सरकार ने आम आदमी के लिए काफ़ी संख्या में कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को समान रूप से मिल रहा है। वह भी भाजपा की निष्ठावान कार्यकर्ता हैं हैं और



शाहाबाद से भाजपा के टिकट की दावेदार हैं अगर भाजपा नेतृत्व उनपर विश्वास कर आगामी विधान सभा में प्रत्याशी बनाता है। तो वह चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने इस अवसर पर आये सभी लोगों को होली पर्व की शुभकामनायें दी।

# शाहाबाद क्षेत्र के गांव गुजीदेई से हुई गुझिया की शुरुआत

**इतिहास और जनश्रुति के बीच शोध का विषय**

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

उप्र के जनपद हरदोई से होली का शुभारंभ होने के साथ होली की पारम्परिक मिठाई गुझिया का उदगम जिले के एक गाँव से हुई है। तहसील शाहाबाद क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में होली के पारंपरिक मिष्ठान गुझिया को लेकर एक रोचक जनश्रुति प्रचलित है, जिसके अनुसार इसकी शुरुआत गुजीदेई गाँव से मानी जाती है।

स्थानीय मान्यता है कि गुजीदेई गाँव का नाम गजुआ दानव के नाम पर पड़ा और होली पर गुझिया चढ़ाने की परंपरा भी यहीं से प्रारंभ हुई। बुजुर्गों के अनुसार प्राचीन काल में गजुआ दानव अपने दो भाइयों के साथ इस क्षेत्र में



निवास करते थे और समय के साथ लोकदेवता के रूप में पूजे जाने लगे। परेली ग्राम पंचायत के मजरा कुर्सेली में गजुआ दानव का स्थान आज भी आस्था का केंद्र है, जहाँ चैत्र शुक्ल तृतीया को मेला लगता है। कुर्सेली निवासी लगभग 88 वर्षीय टीकाराम और बलराम पुत्र लोचन बताते हैं कि यह क्षेत्र का सबसे पहला मेला माना जाता है और पीढ़ियों से आयोजित होता आ रहा है।

वही परेली गाँव मे भगेल नाला किनारे गहनहा बाबा रूप में आज भी स्थान मौजूद है। वही ककरहा बाबा का स्थान मुरीदापुर गाँव स्थित फ्लोर मिल के पीछे पूर्ब मे स्थित है। मुरीदापुर निवासी 91 वर्षीय वालेश्वर अग्निहोत्री के अनुसार होली पर नया और पुराना अन्न मिलाकर गुझिया बनाई जाती थी और सबसे पहले होलिका दहन से पूर्व पूजा में अर्पित की जाती थी, उसके बाद ही घरों में गुझिया बनाने की परंपरा शुरू होती थी। साथ ही चैत्र और आषाढ़ पूर्णिमा को दानव स्थलों पर गुलगुला चढ़ाने की भी परंपरा रही है। स्थानीय बुजुर्ग राही गाँव के प्राचीन खेड़े को दानव किले के अवशेष के रूप में देखते हैं, जो इस क्षेत्र में दानव परिवार के प्रभाव और लोकविश्वास की ऐतिहासिक गहराई की ओर संकेत करता है।

वहीं कुछ इतिहासकार गुझिया की लोकप्रियता को मध्यकालीन काल और मुगल काल के दौर की शाही रसोई से जोड़ते हैं, जहाँ इसे विशेष व्यंजन के रूप में परोसा जाता था। हालांकि गुजीदेई से जुड़े लोकविश्वास और ऐतिहासिक तथ्यों के बीच ठोस प्रमाणों का अभाव है, ऐसे में यह विषय फिलहाल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शोध का विषय बना हुआ है, जो स्थानीय परंपरा और व्यापक इतिहास के संगम की ओर संकेत करता है तथा यह भी दर्शाता है कि गुझिया यहाँ केवल एक मिष्ठान नहीं, बल्कि लोकआस्था और क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

# किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रैपुरा गांव निवासी एक रजनी के रूप में हुई है। परिजनों की डांट से नाराज होकर वह रविवार रात करीब दस बजे घर से निकली थी। सोमवार सुबह उसका शव घर से कुछ दूरी पर एक फंदे से लटका मिला। परिवार के सदस्यों ने रात भर रजनी की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने मकान से लगभग 200 मीटर दूर उसका शव एक पेड़ से लटका देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे।और रजनी का शव देखकर कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। हालांकि, परिजनों ने शुरुआत में पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था, लेकिन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने परिवार से घटना के संबंध में पूछताछ की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी को पिछली रात किसी बात पर डांटा गया था, जिसके बाद वह घर से निकल गई थी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उसे किस बात पर डांटा गया था। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया कि किशोरी का शव मिला है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने पुष्टि की कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है और प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परिवार की डांट के बाद किशोरी घर से निकली थी।

# यूपी में 29 प्रमुख प्रजातियों के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध 2027 तक बढ़ा

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार ने आम, नीम, शीशम, सागौन, पीपल और बरगद समेत 29 प्रमुख प्रजातियों के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध को 31 दिसंबर 2027 तक बढ़ा दिया है पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रमुख सचिव वी हेकाली झिमोमी के द्वारा जारी आदेश के अनुसार बिना वन विभाग की पूर्व अनुमति इन पेड़ों को काटना गैरकानूनी एवं दंडनीय अपराध होगा । उल्लंघन की स्थिति में एफ आई आर दर्ज की जाएगी और दोषी को जुर्माने के साथ छह माह तक की सजा हो सकती है बन बिभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पेड़ काटने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। साथ ही एक पेंड काटने पर 10 नए पौधे लगाने अथवा 100 रुपये प्रति पौधा की दर से प्रतिपूर्ति राशि जमा करनी होगी। सरकार का उद्देश्य हरित आवरण बढ़ाना और पर्यावरण



संरक्षण को मजबूत करना है। इसी सम्बन्ध में बेहद दुःखद है कि वन, जंगल, बाग, बगीचे, खेतों की मेड़ों पर लगे पेड़ों की कटाई वन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से लकड़कट्टों द्वारा अनवरत चालू है जिससे आरा मशीनो पर लकडियों के चट्टा लगे देखे जाते है बताया गया है कि अनुमति कम और कटान ज्यादा का ऐसे ही हाल मिट्टी, बालू खनन का है।

# कल्याणानंद कालेज में लांच हुए हरदोई की होली के दो नए गाने

**सोशल मीडिया पर ट्रेंड हुआ हैशटैग #हरदोईकीहोली**

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती प्रेमावती वर्मा द्वारा जनपद हरदोई के नाम में भक्त प्रहलाद नगरी का उपनाम जोड़ने के प्रस्ताव के बाद हरदोई के युवाओं में अपनी जन्म करम भूमि के प्रति धार्मिक भावनाएं उमड़ने लगी है। इसी क्रम में हरदोई के जेन जी युवाओं ने जी म्यूजिक हरदोई के माध्यम से हरदोई की होली और ऐतिहासिक होलिका दहन पर दो नए गाने - होली खेले श्यामा हरदोई में और अब आई मेरे प्रहलाद नगरी हरदोई की बारी÷



तैयार किए है जिनका अनावरण आज न्यौरादेव के स्वामी कल्याणानंद पीजी डिग्री कालेज में कालेज प्रबंधक डॉ हर्षवर्धन सिंह द्वारा किया गया। लांचिंग कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना और बच्चो की आकर्षक प्रस्तुतियों से हुआ। इसके बाद कालेज प्रबंधक डॉ हर्षवर्धन सिंह, यशवर्धन सिंह, मुख्य अतिथि एवं जी म्यूजिक हरदोई के डॉ गौरव अग्रवाल, म्यूजिक डायरेक्टर संकेत तिवारी, भजन गायक अमन सिंह ने हरदोई की होली के दोनों गानों की सीडी लांच कर भक्त प्रहलाद की नगरी हरदोई की जनता को सौंपते हुए उन्होंने सभी से होली पर इन गानों पर हरदोई की होली भव्य और यादगार बनाने की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों और कालेज के बच्चो ने इन गानों पर एक दूसरे को रंग लगाकर होली का पर्व मनाया। लांच होने के कुछ देर बाद सोशल मीडिया पर हैशटैग #हरदोईकीहोली ट्रेंड होने लगा। जी म्यूजिक हरदोई टीम के प्रोड्यूसर डॉ गौरव अग्रवाल ने बताया की 7355691141 पर मैसेज करके आप इन गानों को अपने व्हाट्सएप पर प्राप्त कर सकते है जल्द ही ये गाने यूट्यूब के अलावा पूरे विश्व में 56 म्यूजिक चैनल पर उपलब्ध होगे। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक डॉ हर्ष वर्धन सिंह, सुनीता सिंह, यश वर्धन सिंह, हृदयेश वर्धन सिंह, पल्लवी सिंह, क्षमा सिंह, मृदुला सिंह,अमित अग्निहोत्री, राजनीश यादव, महेश अग्निहोत्री व अन्य अध्यापकगण तथा बच्चे उपस्थित रहे।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में रात के समय प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित, लोगों में भारी आक्रोश

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

टाइगर रिजर्व प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के आदेशों का पालन करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 (पूरनपुर-पीलीभीत हाईवे), पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग तथा पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर रात के समय (शाम से सुबह तक) सभी सामान्य वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश प्रभागीय वनाधिकारी (DFO) भरत कुमार द्वारा 28 फरवरी को माला और महोफ रेंजरों के नाम जारी किया गया था, जिसके तहत केवल एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को ही अनुमति




दी जाएगी।यह फैसला वन्यजीवों की सुरक्षा, खासकर बाघों और अन्य जंगली जानवरों की रात के समय सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 के अपने आदेश में टाइगर रिजर्व के कोर/क्रिटिकल हैबिटेट से गुजरने वाली सड़कों पर dusk से dawn तक सख्त ट्रैफिक प्रतिबंध (night regulation) लागू करने के निर्देश दिए थे, जिसमें NTCA की गाइडलाइंस का हवाला दिया गया था। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इन मार्गों से जंगल क्षेत्र गुजरता है, इसलिए यह प्रतिबंध यहां लागू किया गया है। हालांकि, इस आदेश से स्थानीय लोगों में भारी रोष और हड़कंप मच गया है। पूरनपुर, कलीनगर, माधोटांडा और आसपास के इलाकों के निवासी परेशान हैं कि रात में पीलीभीत पहुंचने के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। सदियों से इस्तेमाल हो रहे इन मार्गों पर अचानक रोक लगने से दैनिक आवागमन, यात्रा और आपात स्थितियां प्रभावित हो रही हैं। लोग आरोप लगा रहे हैं कि वन विभाग पहले से चल रही कथित उगाही के भंडाफोड़ के बाद यह सख्ती बरत रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस मुद्दे पर खुलकर बोलने से बच रहे हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को चुनौती देना मुश्किल है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने दावा किया है कि आवागमन पहले की तरह ही जारी रहेगा और केंद्रीय मंत्री तथा सांसद जितिन प्रसाद को मामले की जानकारी दी गई है, जल्द ही कोई समाधान निकाला जाएगा। वन विभाग का कहना है कि यह कदम वन्यजीव संरक्षण के लिए अनिवार्य है, लेकिन स्थानीय निवासियों की परेशानियों को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था या छूट पर विचार की मांग तेज हो गई है।

# कजरी निरंजनपुर के यादविंदर पाल सिंह सोढ़ी ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए दावेदारी पेश की, क्षेत्र में तेज हुई राजनीतिक हलचल

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

129-पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कजरी निरंजनपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान यादविंदर पाल सिंह सोढ़ी ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए वार्ड नंबर 08 से अपनी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। इस ऐलान के साथ ही क्षेत्र की राजनीति में तेज हलचल मच गई है और उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।यादविंदर पाल सिंह सोढ़ी लंबे समय से जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में एक जमीनी, जिम्मेदार एवं सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में पहचाने जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने सड़कों के निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल सुविधा, स्वच्छता और पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने में लगातार प्रयास किए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाकर समस्याओं के




त्वरित समाधान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।सोढ़ी ने स्पष्ट किया कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए टिकट प्रदान करती है, तो वह पूर्ण ताकत और समर्पण के साथ चुनावी मैदान में उतरेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि पूरे वार्ड के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करना है।ग्राम प्रधान के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने से लेकर गांव में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तक, उन्होंने जनसेवा को अपना धर्म माना है। ग्रामीणों का कहना है कि सोढ़ी हर समय लोगों के बीच मौजूद रहते हैं और समस्या आने पर तुरंत कार्रवाई करते हैं। सामाजिक एवं जनकल्याण कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण बड़ी संख्या में लोग उनके समर्थन में आगे आ रहे हैं।यादविंदर पाल सिंह सोढ़ी ने विश्वास जताया कि पार्टी का आशीर्वाद और जनता का भरोसा मिलने पर वार्ड नंबर 08 के सभी गांवों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि जनसेवा उनका संकल्प है और वे इसी भावना के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।यह घोषणा स्थानीय स्तर पर काफी चर्चा का विषय बनी हुई है, जहां लोग उनके विकास कार्यों की सराहना करते हुए जिला पंचायत में उनकी सफलता की कामना कर रहे हैं।

## जीएसटी संग्रह ने दखाई आर्थिक ताकत

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक बार फिर कर संग्रह के ताजा आंकड़ों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। फरवरी 2026 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 8.1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज होना यह बताता है कि घरेलू मांग, आयात गतिविधियों और कर ढांचे की स्थिरता मिलकर अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार दे रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़त उस समय सामने आई है जब सरकार ने हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती और टैक्स ढांचे को सरल बनाने जैसे बड़े सुधार लागू किए हैं। फरवरी 2026 में जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जोकि पिछले वर्ष इसी महीने 1.69 लाख करोड़ रुपये था। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। विशेष रूप से आयात और घरेलू खपत दोनों में तेजी ने कर संग्रह को मजबूती दी है। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक स्तर पर आर्थिक चुनौतियां और आपूर्ति श्रृंखला में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे माहौल में भारत का राजस्व संग्रह स्थिर वृद्धि दिखा रहा है, जोकि आर्थिक मजबूती का स्पष्ट संकेत है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि का एक बड़ा कारण घरेलू मांग में सुधार रहा है। फरवरी में घरेलू सकल राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा। यह संकेत देता है कि उपभोक्ता खर्च में धीरे-धीरे तेजी आ रही है। त्योहारों के बाद भी खपत का स्तर मजबूत बना रहना इस बात की पुष्टि करता है कि भारत की आंतरिक मांग अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी इंजन बन चुकी है। खासतौर पर खुदरा बाजार, सेवा क्षेत्र और विनिर्माण गतिविधियों में सुधार का असर कर संग्रह पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के आंकड़ों में एक और उल्लेखनीय पहलू आयात से मिलने वाले कर राजस्व में तेज वृद्धि है। आयात से प्राप्त सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह वृद्धि दो महत्वपूर्ण संकेत देती है; पहला, भारत में औद्योगिक उत्पादन और उपभोग के लिए कच्चे माल और उत्पादों की मांग बढ़ रही है; दूसरा, वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी सक्रिय बनी हुई है। सितंबर 2025 में सरकार ने जीएसटी ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटा दी थीं। इसके साथ ही चार टैक्स स्लैब को घटाकर दो प्रमुख स्लैब 05 प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया गया।सुधार लागू होने के शुरुआती महीनों में संग्रह में हल्की गिरावट देखी गई थी। नवंबर 2025 में जीएसटी संग्रह घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था। लेकिन इसके बाद अर्थव्यवस्था ने तेजी से संतुलन स्थापित किया और दिसंबर में संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये तथा जनवरी में 1.93 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। फरवरी के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि कर दरों में कटौती के बावजूद राजस्व स्थिर बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत से फरवरी तक कुल जीएसटी संग्रह 20.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 18.71 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक है।इच्छ आधार में इतनी वृद्धि यह दर्शाती है कि कर संग्रह में संरचनात्मक मजबूती आ रही है।इच्छ प्रवृत्ति यह भी बताती है कि डिजिटल कर प्रणाली, ई-इनवॉइसिंग और बेहतर अनुपालन जैसे कदमों का देश भर में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। फरवरी में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपये रहा। वहीं इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह वितरण इस बात को दर्शाता है कि केंद्र और राज्यों के बीच कर साझेदारी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है। फरवरी में सरकार ने 22,595 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.2 प्रतिशत अधिक है। रिफंड प्रणाली का तेज और पारदर्शी होना निर्यातकों और उद्योगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे उनकी नकदी प्रवाह की समस्या कम होती है और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलती है।

# खामेनेई की मौत ने मिटाई शिया-सुन्नियों के बीच की दूरी



अजय कुमार

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले ने ईरान को गहरा आघात पहुंचाया है। हमले में ईरान के राष्ट्रपति और सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामनेई सहित उनके निकटतम सहयोगी मारे गए। यह घटना न केवल इस्लामिक जगत को हिला देने वाली थी, बल्कि पूरी दुनिया में आक्रोश की लहर पैदा कर दी। खामेनेई, जो दशकों से ईरान की धार्मिक और राजनीतिक नीतियों के प्रतीक थे, उनकी विदाई ने मुसलमानों के दिलों में गहरा शोक भर दिया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लेकर पाकिस्तान की सड़कों तक, प्रदर्शनकारियों की भीड़ सड़कों पर उतर आई। सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह था कि शिया और सुन्नी समुदाय, जो सदियों से विभिन्न मुद्दों पर विभाजित रहे हैं, इस बार एकजुट होकर खड़े दिखे। लखनऊ के इमामबाड़ों और मस्जिदों के बाहर शिया युवा सुन्नी भाइयों के कंधे से कंधा मिलाकर नारेबाजी कर रहे थे। बैनरों पर लिखा था, खामेनेई हमारा नेता, अमेरिका का अंत नजदीक। यह एकजुटता केवल भारत तक सीमित न रही।

पाकिस्तान में तो गुस्सा इतना भड़का कि इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास पर हमलावरों ने धावा बोल दिया। वहां की सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दस लोग मारे गए। ईरान ने भी चुप न बैठने का फैसला किया। उसने न केवल हमले का बदला लिया, बल्कि उन देशों पर भी प्रहार किया जो अमेरिका-इजरायल के साथ खड़े थे। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी राष्ट्रों के ठिकानों पर ईरानी मिसाइलों की बौछार हो गई। जंग का दायरा तेजी से फैल रहा था।

इस घटना ने वैश्विक पटल पर कई सवाल खड़े कर दिए। सबसे बड़ा प्रश्न यह था कि क्या यह शिया-सुन्नी एकजुटता लंबे समय तक बनी रहेगी? इतिहास गवाह है कि मुसलमानों के इन दो प्रमुख संप्रदायों के बीच दरारें गहरी रही हैं। शिया समुदाय खुद को पैगंबर मुहम्मद के दामाद अली और उनके वंशजों का सच्चा उत्तराधिकारी मानता है, जबकि सुन्नी अधिकांश मुसलमानों को खलीफा अबू बकर, उमर और उस्मान के अनुयायी मानते हैं। इन मतभेदों ने सदियों से संघर्षों को जन्म दिया। लेकिन खामेनेई की मौत ने एक नया मोड़ ला दिया। पूरी दुनिया में मुसलमानों ने इसे इस्लाम पर प्रत्यक्ष हमला माना। लेबनान के हिजबुल्लाह से लेकर यमन के हूती विद्रोहियों तक, सभी शिया गुट सक्रिय हो गए। सुन्नी बहुल देशों जैसे तुर्की, मलेशिया और इंडोनेशिया में भी सड़कें उत्तेजित भीड़ से भर गईं। तुर्की के राष्ट्रपति ने खामेनेई को शहीद घोषित करते हुए अमेरिका के खिलाफ कड़े बयान दिए। मलेशिया की मस्जिदों से फतवे जारी हुए कि इस हमले का जवाब देना हर मुसलमान का फर्ज है। यह एकजुटता इसलिए मजबूत हुई क्योंकि अमेरिका और इजरायल को सामान्य दुश्मन के रूप में देखा गया। खाड़ी के सुन्नी राष्ट्र, जो ईरान के पारंपरिक शत्रु रहे हैं, इस बार चुप्पी साधे रहे। सऊदी अरब ने भी खुले तौर पर अमेरिका का साथ न देकर तटस्थ रुख अपनाया। ईरान के हमलों ने इन देशों को झकझोर दिया, जिससे उनकी चुप्पी और गहरी हो गई।

अब भविष्य का अनुमान लगाना कठिन है। यदि जंग लंबी खिंचती है, तो शिया-सुन्नी एकजुटता टूट सकती है। ईरान के उत्तराधिकारी यदि कट्टर शिया नीतियां अपनाते हैं, तो सुन्नी राष्ट्र फिर से ईरान विरोधी मोर्चा बना सकते हैं। लेकिन यदि अमेरिका-इजरायल का दबाव बढ़ता है, तो यह एकजुटता मजबूत हो सकती है। लखनऊ जैसे शहरों में देखा गया कि युवा पीढ़ी सोशल मीडिया के जरिए एकत्रित हो रही थी। व्हाट्सएप ग्रुपों और फेसबुक लाइव पर शिया मौलवी सुन्नी विद्वानों के साथ संवाद कर रहे थे। यह बदलाव दीर्घकालिक साबित हो सकता है। पाकिस्तान में सुन्नी तालिबान गुटों ने भी शिया भाइयों का साथ दिया, जो दुर्लभ दृश्य था। ईरान ने अपनी सेना को हाई अलर्ट पर रखा है। उसके पास बैलिस्टिक मिसाइलें है जो इजरायल तक पहुंच सकती हैं। अमेरिका के नौसैनिक जहाजों पर हमले की योजना बन रही है। यदि रूस और चीन ईरान का साथ देते हैं, तो जंग विश्व युद्ध का रूप ले सकती है। भारत जैसे तटस्थ देशों को भी कूटनीतिक दबाव झेलना पड़ सकता है। लखनऊ में प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से अपील की कि वह इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में आवाज उठाए।

खामेनेई की मौत से पहले भी शिया-सुन्नी एकजुटता के कई उदाहरण देखे गए थे। सबसे प्रमुख फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष था। जब इजरायल ने गाजा पर बमबारी की, तब शिया बहुल ईरान और सुन्नी बहुल मिस्र, जॉर्डन एक साथ खड़े हुए। 2023 के अक्टूबर हमले में पूरी इस्लामिक दुनिया सड़कों पर उतरी। लेबनान के शिया हिजबुल्लाह और सुन्नी फिलिस्तीनी गुट हमास ने संयुक्त मोर्चा बनाया। दूसरा उदाहरण सीरिया का गृहयुद्ध था। हालांकि वहां आंतरिक कलह थी, लेकिन अमेरिका के हवाई हमलों के खिलाफ शिया ईरान और सुन्नी तुर्की ने कभी-कभी एक सुर में बोलना शुरू किया। 2013 में जब अमेरिका ने सीरिया पर हमला करने की योजना बनाई, तब शिया-सुन्नी नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर विरोध किया। तीसरा बड़ा मामला नरसंहार था। 1990 के दशक में जब सर्बियाई सेना ने मुसलमानों का कत्लेआम किया, तब ईरान ने शिया स्वयंसेवकों को भेजा और सऊदी अरब ने सुन्नी लड़ाकों को। दोनों ने मिलकर सहायता पहुंचाई। चौथा उदाहरण कश्मीर विवाद है। भारत के खिलाफ जब पाकिस्तान बोलता है, तो ईरान भी कभी-कभी समर्थन में आ जाता है। 2019 में जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब तेहरान की मस्जिदों में कश्मीर के लिए दुआएं हुईं, और रियाद ने भी चिंता जताई। इन घटनाओं से सिद्ध होता है कि बाहरी आक्रमण के समय मुसलमान एकजुट हो जाते हैं। खामेनेई की मौत ने इस प्रवृत्ति को नई ताकत दी।

ईरान का जवाबी हमला अब चरम पर है। उसने इजरायल के सैन्य अड्डों पर ड्रोन हमले किए, जिसमें सैकड़ों सैनिक मारे गए। अमेरिका के सहयोगी देशों के तेल संयंत्रों पर प्रहार हुआ। वैश्विक अर्थव्यवस्था डगमगा रही है। तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। भारत में भी पेट्रोल महंगा हो गया। लखनऊ के बाजारों में लोग चिंतित हैं। प्रदर्शन अब शांतिपूर्ण से हिंसक हो रहे हैं। सरकार को कर्फ्यू लगाना पड़ सकता है। लेकिन यह एकजुटता मुसलमानों के लिए नया अध्याय लिख रही है। यदि यह बनी रही, तो इस्लामिक जगत मजबूत होगा। अन्यथा, पुरानी दरारें फिर उभरेंगी। भविष्य अनिश्चित है, लेकिन इतिहास सिखाता है कि एकता ही सबसे बड़ा हथियार है। दुनिया अब सांस थामे देख रही है कि अगला कदम कौन उठाएगा। ईरान के नए नेता ने प्रतिज्ञा ली है कि बदला पूरा होगा। वैश्विक शक्तियां मध्यस्थता की कोशिश कर रही हैं, लेकिन सफलता संदिग्ध है। यह संकट न केवल मध्य पूर्व तक सीमित रहेगा, बल्कि पूरी सभ्यता को प्रभावित करेगा।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**



**खामेनेई की मौत से पहले भी शिया-सुन्नी एकजुटता के कई उदाहरण देखे गए थे। सबसे प्रमुख फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष था। जब इजरायल ने गाजा पर बमबारी की, तब शिया बहुल ईरान और सुन्नी बहुल मिस्र, जॉर्डन एक साथ खड़े हुए। 2023 के अक्टूबर हमले में पूरी इस्लामिक दुनिया सड़कों पर उतरी। लेबनान के शिया हिजबुल्लाह और सुन्नी फिलिस्तीनी गुट हमास ने संयुक्त मोर्चा बनाया। दूसरा उदाहरण सीरिया का गृहयुद्ध था। हालांकि वहां आंतरिक कलह थी, लेकिन अमेरिका के हवाई हमलों के खिलाफ शिया ईरान और सुन्नी तुर्की ने कभी-कभी एक सुर में बोलना शुरू किया। 2013 में जब अमेरिका ने सीरिया पर हमला करने की योजना बनाई, तब शिया-सुन्नी नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर विरोध किया। तीसरा बड़ा मामला नरसंहार था। 1990 के दशक में जब सर्बियाई सेना ने मुसलमानों का कत्लेआम किया, तब ईरान ने शिया स्वयंसेवकों को भेजा और सऊदी अरब ने सुन्नी लड़ाकों को। दोनों ने मिलकर सहायता पहुंचाई। चौथा उदाहरण कश्मीर विवाद है। भारत के खिलाफ जब पाकिस्तान बोलता है, तो ईरान भी कभी-कभी समर्थन में आ जाता है। 2019 में जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब तेहरान की मस्जिदों में कश्मीर के लिए दुआएं हुईं, और रियाद ने भी चिंता जताई। इन घटनाओं से सिद्ध होता है कि बाहरी आक्रमण के समय मुसलमान एकजुट हो जाते हैं। खामेनेई की मौत ने इस प्रवृत्ति को नई ताकत दी। ईरान का जवाबी हमला अब चरम पर है। उसने इजरायल के सैन्य अड्डों पर ड्रोन हमले किए, जिसमें सैकड़ों सैनिक मारे गए। अमेरिका के सहयोगी देशों के तेल संयंत्रों पर प्रहार हुआ। वैश्विक अर्थव्यवस्था डगमगा रही है। तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। भारत में भी पेट्रोल महंगा हो गया। लखनऊ के बाजारों में लोग चिंतित हैं। प्रदर्शन अब शांतिपूर्ण से हिंसक हो रहे हैं। सरकार को कर्फ्यू लगाना पड़ सकता है। लेकिन यह एकजुटता मुसलमानों के लिए नया अध्याय लिख रही है। यदि यह बनी रही, तो इस्लामिक जगत मजबूत होगा। अन्यथा, पुरानी दरारें फिर उभरेंगी। भविष्य अनिश्चित है, लेकिन इतिहास सिखाता है कि एकता ही सबसे बड़ा हथियार है।**

विचार

# युद्ध लंबा खिंचा तो तेल व गैस के कीमतों में होगी वैश्विक बढ़ोत्तरी

*अमरेश द्विवेदी*

ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में होर्मुज जल डमरूमध्य क्षेत्र एक बार फिर वैश्विक चिंता का केंद्र बन गया है। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ने वाला यह संकरा समुद्री रास्ता दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माना जाता है। किसी भी सैन्य टकराव की स्थिति में यहां मामूली रुकावट भी युद्ध के परिणाम और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डाल सकती है।

होर्मुज जल क्षेत्र दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में गिना जाता है। अपने सबसे पतले हिस्से में यह लगभग 34 किलोमीटर चौड़ा है और इसी रास्ते से प्रतिदिन लगभग 20 मिलियन बैरल कच्चा तेल गुजरता है जो वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का करीब 20-25त्न यहीं से होता है। यह दुनिया के एलएनजी व्यापार का लगभग 20त्न इसी मार्ग पर निर्भर है और कुल वैश्विक समुद्री व्यापार का लगभग 11त्न इस रास्ते से गुजरता है। इसके साथ ही एशिया के सबसे बड़े आयातक- चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया इस मार्ग पर विशेष रूप से निर्भर हैं।

होर्मुज क्षेत्र सिर्फ एक समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन का केंद्र है। युद्ध की स्थिति में यहां थोड़ी सी बाधा भी तेल बाजार, अंतरराष्ट्रीय राजनीति और विश्व अर्थव्यवस्था की दिशा बदल सकती है। यही कारण है कि दुनिया की निगाहें इस संकरे लेकिन निर्णायक जलमार्ग पर टिकी हुई हैं।इस क्षेत्र का उत्तरी तट ईरान के पास है, जबकि दक्षिणी किनारा ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप से जुड़ा है। ईरान उत्तरी प्रवेश द्वार और कई रणनीतिक द्वीपों पर नियंत्रण रखता है, जिससे उसे समुद्री गतिविधियों पर प्रभाव डालने की सामरिक क्षमता मिलती है। साल 1980-88 के ईरान-इराक युद्ध के दौरान टैंकर युद्ध ने इस मार्ग की संवेदनशीलता को उजागर किया था। तेल टैंकरों पर हमलों और समुद्री माइंस बिछाए जाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार में घबराहट फैल गई थी और विदेशी नौसैनिक हस्तक्षेप बढ़ा था। हाल के वर्षों में भी प्रतिबंधों और क्षेत्रीय तनाव के दौरान जहाजों की जब्ती और चेतावनियों ने शिपिंग लागत और बीमा प्रीमियम को बढ़ा दिया हैं। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद अगर यह युद्ध लंबा खिंचता है तो वैश्विकस्तर पर इसके कई तात्कालिक प्रभाव दिखेंगे। जैसे कि तेल और गैस की कीमतों में उछाल। सप्लाई चेन में अस्थिरता। यहां जहाजों के रूट बदलने से देरी और बढ़ी हुई लागत वैश्विक व्यापार को प्रभावित करेंगी। आर्थिक दबाव, जो ऊर्जा आयातक देशों में महंगाई और औद्योगिक लागत बढ़ सकती है। इसके साथ ही सैन्य विस्तार का खतरा बना रहेगा जिससे समुद्री मार्ग की सुरक्षा के नाम पर बाहरी शक्तियों की मौजूदगी बढ़ जाएंगी और इससे टकराव और गहरा हो जाएगा।

इसके अलावा कुछ पाइपलाइन विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वे होर्मुज से गुजरने वाले समुद्री तेल और गैस सप्लाई के लिए विकल्प के रूप में नहीं देख सकते हैं। इसलिए यह गलियारा वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अपरिहार्य बना हुआ है।

होर्मुज सिर्फ एक समुद्री रास्ता या ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग नहीं है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन का केंद्र है। युद्ध की स्थिति में यहां थोड़ी सी बाधा भी तेल बाजार, अंतरराष्ट्रीय राजनीति और विश्व अर्थव्यवस्था की दिशा बदल सकती है। यही कारण है कि दुनिया की निगाहें इस संकरे लेकिन निर्णायक जलमार्ग पर टिकी हुई हैं।



साथ ही यह भू-राजनीतितक शक्ति प्रदर्शन का केंद्र भी है। युद्ध की स्थिति में इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

इस क्षेत्र में ईरान की नौसैनिक रणनीति होर्मुज को अपने निरोधक सिद्धांत का मुख्य हिस्सा मानती है। ईरान ने इस समुद्री मार्ग पर तेज गश्ती नौकाएं, एंटी-शिप मिसाइलें, समुद्री माइंस और ड्रोन और तटीय रडार सिस्टम लगा रखे हैं। इन साधनों के जरिए ईरान पारंपरिक नौसैनिक ताकतों को चुनौती दे सकता है। यह असिमेट्रिक वॉरफेयर यानी असममित युद्ध मॉडल को दिखाता है जहां बड़े युद्धपोतों के खिलाफ छोटे लेकिन तेज और घातक हमलों पर आधारित है।

दूसरी तरफ, संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से खाड़ी क्षेत्र में नौसैनिक मौजूदगी बनाए हुए है। अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बहरीन में तैनात है और उसका मुख्य उद्देश्य समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इन तनाव के बीच यदि गलियारे पर दबाव बढ़ता है तो मुमकिन है कि अमेरिका यहां अंतरराष्ट्रीय एस्कॉर्ट मिशन भी शुरू हो सकते हैं। इसके साथ ही मल्टीनेशनल टास्क फोर्स का गठन, ड्रोन और निगरानी गतिविधियां तेज़ होने के साथ ही इस टकराव का दायरा क्षेत्रीय से वैश्विक बन सकता है।

होर्मुज में बाधा का असर केवल तेल तक सीमित नहीं रहता। कच्चे तेल की कीमतों में अचानक उछाल, एलएनजी आपूर्ति में कमी से यूरोप और एशिया में ऊर्जा संकट, शेयर बाजारों में गिरावट, महंगाई दर में वृद्धि, शिपिंग और बीमा लागत में भारी बढ़ोतरी और ऊर्जा कीमतें बढ़ने से विकासशील देशों पर सबसे अधिक दबाव पड़ेगा।

इन सबके बीच एशियाई देश चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी पर काफी निर्भर हैं। चिंता का विषय यह है कि इससे यदि आपूर्ति बाधित होती है तो रणनीतिक तेल भंडार का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। वैकल्पिक स्रोत तलाशना होगा, साथ ही ऊर्जा सुरक्षा को लेकर दीर्घकालिक नीतिगत बदलाव करने पड़ेंगे।

अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के तहत होर्मुज को अंतरराष्ट्रीय स्ट्रेट माना जाता है। वैसे तो किसी भी देश को इसे पूरी तरह बंद करने का अधिकार नहीं है लेकिन वर्तमान हालात पर नजर डालें तो सुरक्षा कारणों से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जहाजों की तलाशी या रोक-टोक बढ़ सकती है तथा गलत आकलन से बड़ा सैन्य टकराव हो सकता है।

होर्मुज क्षेत्र केवल एक भौगोलिक मार्ग नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का संवेदनशील बिंदु है। यहां की अस्थिरता युद्ध को केवल सैन्य टकराव नहीं रहने देती, बल्कि उसे आर्थिक, कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर बहुआयामी संघर्ष में बदल देगी।

साहित्य

## रंगीलें त्यौहार का जश्न मनाएं



**संजय एम तराणेकर**

*होली के मौसम में करों रंगों की बात,*
*भाई कीचड़ मत फेंकना रंगों के साथ।*
*बहाना तुम प्रेम रस कोई न कहे बस,*
*अपन तो खेलेंगे चाहे फोड़ो फुग्गे दस।*

*हरे, पीले, नीले, गुलाबी, नारंगी व लाल,*
*रंग दो यारों गोरियों के लाल-लाल गाल।*
*खिलने भी दो मुरझाए हुए चेहरों को,*
*सुबह शाम ताकती पानी की लहरों को।*

*आ जाओ दुश्मनों को रंग यूं खूब लगाए,*
*प्रेम बरसाकर आपस में मतभेद मिटाए।*
*इन रंगों की दुनिया में मिलकर खो जाए,*
*इस रंगीलें त्यौहार का खूब जश्न मनाएं।*





## राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्ये में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** मन आर्थिक सुदृढ़ता के लिए चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# होलिका दहन पर वामपंथी कलुष

*कैलाश चन्द्र*

भारत की सांस्कृतिक स्मृति पर जितने हमले बाहरी आक्रांताओं ने नहीं किए, उससे कहीं अधिक गहरे और अधिक हमले आज के वैचारिक उपनिवेशवादियों ने किए हैं। यह हमला तलवारों का नहीं, शब्दों का है। यह आक्रमण सीमाओं का नहीं, स्मृति का है। वस्तुतः आज जो लोग होली, होलिका दहन और प्रह्लाद की कथा को एक दलित नारी को जलाए जाने की घटना बताकर प्रस्तुत करते हैं, वे न परंपरा जानते हैं और न कथा समझते हैं। वे सिर्फ भारत की सांस्कृतिक संचेतना को उसकी अपनी कहानी से काट देना चाहते हैं।

होलिका की कथा जितनी सरल है, उतनी ही गहन भी। कश्यप ऋषि और दिति की पुत्री तथा दिति की संतानों को स्वभाव वैचित्र्य के कारण दैत्य कहा गया है। सम्पूर्ण कथा श्रीमद्भागवत पुराण में बहुत विस्तार से कही गई है। भारतवर्ष में होने वाली अधिकांश भागवत कथाओं में भागवताचार्य अपनी कथा का प्रारम्भ यहीं से करते हैं। इस आधार पर होलिका दैत्यकुल की राजकुमारी व प्रिचिति की पत्नी और स्वरभानु की माता थी। वह एक संपूर्ण दैत्यवंशी, राक्षसी चरित्र है। उसका भाई हिरण्यकश्यप न केवल राजा था बल्कि अत्याचारी, अहंकारी और असुर प्रवृत्ति वाला शासक भी था। उसके सामने किसी शोषित समुदाय की कथा गढ़ना या उसे दलित नारी उत्पीड़न में बदल देना केवल अज्ञान नहीं एक सुनियोजित बौद्धिक छल है, जो भारतीय मिथकीय चेतना को वर्गीय, जातीय और जेंडरवादी चश्मे से दूषित करना चाहता है।

**धर्म और अधर्म का स्पष्ट संदेश:-** यहां सत्य सरल है। होलिका किसी अबला स्त्री की कथा नहीं है। वह वरदान से सशक्त, छल से प्रेरित और अधर्म की सहायक थी। ब्रह्मा ने उसे अग्नि प्रतिरोध का वरदान दिया था, किन्तु वह वरदान धर्म विरोधी कर्मों के लिए नहीं था। जब वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठती है तो उसका जलना कर्मफल है। यह अन्याय के अंत, अधर्म की पराजय और सत्य की विजय का प्रतीक है।

यही पुराणों का स्वर है और यही भारतीय संस्कृति की जीवंतता का मूलाधार भी है। पर आज इस कथा को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने वाले कल्चरल मार्क्सिज्म के प्रशिक्षित कार्यकर्ता इसे ब्राह्मणों द्वारा स्त्री दहन का उदाहरण बताते हैं। ये उनकी चाल पुरानी है। हर परंपरा को उत्पीडन का प्रमाण बनाओ। हर कथा को वर्ग संघर्ष के ढांचे में फिट करो। हर मूल्य को अपराधबोध में बदलो। वे राक्षसी को पीड़िता बना देते हैं, दैत्यकुल को जाति समूह कह देते हैं और धर्म-अधर्म की अनंत कथा को सत्ता विरोध के रंग में विकृत कर देते हैं। यही मानसिकता श्रीराम को साम्राज्यवादी, श्रीकृष्ण को चालबाज, माता दुर्गा को पीड़ित स्त्री और श्रीगणेश को उपहास का पात्र बना देती है।



**होलिका दहन का सांस्कृतिक अर्थ:-** होलिका दहन का अर्थ किसी व्यक्ति, कुल या जाति का दमन नहीं है। यह जीवन की नकारात्मकता के दहन का संदेश है। यह नव वसंत, नवहर्ष, नई शुरुआत और सत्य के धारण एवं संरक्षण का पर्व है। इसमें प्रह्लाद की विजय, भक्ति की शक्ति और अधर्म के अंत का संदेश निहित है। इसे महिला विरोध, समाज विरोध या सत्ता विरोध की कहानी में बदलना हमारी परंपरा का नहीं बल्कि हमारी स्मृति का अपमान है।

**इतिहास के नाम पर फैलाया गया भ्रम:-** भारतीय समाज को बांटने के लिए आज एक विचित्र वैचारिक नाटक रचा जा रहा है। यह कहा जा रहा है कि 'हिरण्यकश्यप' शूद्र था, शूद्र तप नहीं कर सकते और गुरुकुल नहीं जा सकते। यह इतिहास नहीं बल्कि वैचारिक क्षुद्रता का प्रमाण है। जिन लोगों ने न शास्त्र पढ़े और न पुराण समझे, वे आज सोशल मीडिया की अधूरी जानकारी के आधार पर एक संपूर्ण सभ्यता को अपराधी सिद्ध करने में लगे हैं।

**भारतीय चेतना का मूल सत्य:-** वास्तविकता यह है कि होलिका और हिरण्यकश्यप भारतीय चेतना में सदियों से अहंकार और अधर्म के प्रतीक रहे हैं। गुरुकुलों की शिक्षा में शस्त्र और शास्त्र का अध्ययन करने के बाद अहंकार के कारण वे अधर्म के मार्ग पर चले और भक्त प्रह्लाद सत्य के प्रतीक बने। जो लोग इस सरल सत्य को भी सामाजिक न्याय के चश्मे से विकृत करते हैं, वे न्याय के पक्षधर नहीं बल्कि भारतीय समाज को भीतर से तोड़ने वाले मानसिक उपनिवेशवाद के वाहक हैं।

**स्मृति और परंपरा की पुनर्स्थापना:-** आज आवश्यकता किसी प्रतिक्रिया या प्रतिशोध की नहीं है। आवश्यकता है तथ्यों की पुनर्स्थापना की। हमें अपनी चेतना में सांस्कृतिक स्मृति को पुनः प्रखर करना होगा। परंपरा को आधुनिक राजनीतिक सिद्धांतों के ढांचे में कैद करने के स्थान पर उसके कालातीत संदेश को समझना होगा।

यह संघर्ष एक कथा का न होकर भारतीय तत्वज्ञान, वांग्मय, दर्शन और वैचारिक संप्रभुता का है। इसलिए यह समझना सभी के लिए समान रूप से आवश्यक है कि 'होलिका' का जलना किसी स्त्री का दहन नहीं है। यह अत्याचार, असहिष्णुता, अधर्म, अनीति और असत्य के दहन का प्रतीक है। उसका अंत किसी समाज पर अत्याचार का नहीं बल्कि अधर्म की पराजय का उत्सव है।

आज भारत की सभ्यता इस वैचारिक आक्रमण को पहचान चुकी है। वह जानती है कि हमारी परंपराएं हिंसा की नहीं बल्कि समरसता की उपज हैं। होलिका दहन उसी समरसता का उत्सव है, अहंकार के अंत और सत्य के आरंभ का पर्व। अतः हमेशा ही अपने समय में वर्तमान काल की हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस वैचारिक धुंध में भी स्पष्ट देख सकें और यह कह सकें कि भारतीय संस्कृति को समझने के लिए भारतीयता चाहिए, न कि वह वैचारिक चश्मा जो हर कथा को संघर्ष, हर पात्र को पीड़ित और हर पर्व को अपराध में बदल देता है।

अंत में यही कि होलिका दहन पर कलुष केवल परंपरा का नहीं बल्कि विवेक का अपमान है। इसे समझना और इस भ्रम को तोड़ना आज केवल सांस्कृतिक कर्तव्य नहीं यह हम सभी की राष्ट्रीय आवश्यकता है।

**(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कचहरी वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल, हाफिज मुस्लिम रजा का फूल-मालाओं से सम्मान



**पनवाड़ी (महोबा)।** माहे रमजान की रूहानी फिजा में पनवाड़ी कस्बे की कचहरी वाली मस्जिद में 11 रमजान शरीफ की रात कुरान पाक मुकम्मल किया गया। चांद रात से शुरू हुई तरावीह देर रात मुकम्मल हुई, जिससे नमाजियों और अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखने को मिला। मध्य प्रदेश के सागर से तशरीफ लाए हाफिज मुस्लिम रजा ने पूरे रमजान में तरावीह के दौरान कुरान पाक सुनाया और 11 रमजान को कुरान मुकम्मल किया। तरावीह पूर्ण होने के बाद मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने हाफिज साहब को फूल–मालाएं पहनाकर गले मिलकर मुबारकबाद दी तथा तुहफे और नजराना पेश कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर हाफिज मुस्लिम रजा ने तरावीह के बाद मगफिरत और जहन्नुम से निजात की दुआ कराई। उन्होंने अपने बयान में कहा कि तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनना हमारे नबी का सदका है, जिसकी बदौलत हमें यह सौभाग्य मिलता है। उन्होंने बताया कि माहे रमजान में एक नेकी का सवाब सत्तर गुना मिलता है, इसलिए इस पवित्र महीने में अधिक से अधिक इबादत करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान हाफिज साहब ने नात–ए–शरीफ भी पेश की। इसके बाद मुल्क में अमन, चैन और सलामती के लिए सामूहिक दुआएं मांगी गईं। मौके पर मस्जिद कमेटी के सदस्य पप्पू खान, इरफान, साहिल हाशमी, रेहान, फिरोज खान, बाबू कुरैशी, रानू खान, सानू खान सहित सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे। अंत में सभी उपस्थित लोगों के बीच तबर्रुकात का वितरण किया गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ–साथ आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता नजर आया।

### होली पर स्वास्थ्य सेवाएं हाई अलर्ट, 24 घंटे सक्रिय रहेंगी एंबुलेंस

**हमीरपुर।** जनपद में होली पर्व के मद्देनज़र 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं तथा सभी सरकारी अस्पताल 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगे। शासन के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीतम सिंह ने एंबुलेंस जिला प्रभारी भूपेंद्र और कपिल वार्ष्णेय को विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। एम्बुलेंस नोडल अधिकारी डॉ. सच्चिदानंद ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा पर डायल करने पर एंबुलेंस शीघ्र घटनास्थल पर पहुंचेगी और मरीज को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सभी अस्पतालों में डॉक्टर व स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

### धूमधाम से मनाया होलिकोत्सव



**हमीरपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में सोमवार को होलिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह त्योहार हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। पौराणिक कथा के अनुसार होलिका हिरण्यकशयप की बहन थी जिसने एक बरदान प्राप्त किया था जिससे वह अग्नि से अप्रभावित हो रही थी। फिर उसने अपने भतीजे प्रहलाद को अपनी गोद में बिठाकर होलिका दहन मे मारने का प्रयास किया। जबकि वह स्वयं जलकर भस्म हो गयी और प्रहलाद आग से बच गया। इस अवसर पर पंचम वेला मे सभी कक्षाचार्यो ने अपनी अपनी कक्षाओ मे होली का महत्व बताया और रंग गुलाल लगाकर सभी को होली की बधाई दी। अन्त मे विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समस्त स्टाफ के साथ बैठकर होली की शुभकामनाये दी। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख आचार्य राजेश शुक्ला ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

### डीएम ने गौवंश संरक्षण को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश



**उरई (जालौन)।** जनपद में निराश्रित एवं संरक्षित गौवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने चमारी स्थित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौवंश के लिए उपलब्ध चारा, भूसा, हरा चारा, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला में स्वच्छता, पोषण एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गौशाला गौसंरक्षण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गर्मी के दृष्टिगत छायादार स्थान, पर्याप्त जल उपलब्धता एवं नियमित फॉगिंग, सैनिटाइजेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से गौवंश की संख्या, टीकाकरण की स्थिति तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### होलिका दहन से पूर्व बाजार हुआ गुलजार, देर शाम तक हुई खरीदारी

**जालौन (उरई)।** होली की पूर्व संध्या पर नगर का बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आया। मुख्य बाजार से लेकर मोहल्लों की गलियों तक दुकानों पर सजी रंग–बिरंगी सामग्री लेने के लिए लोगों की सुबह से देर शाम तक भीड़ रही। होली के इस सीजन में सबसे अधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखौटे और उनके आकर्षक कटआउट की रही। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक में इनकी खास मांग देखी गई। दुकानदारों अंशू का कहना है कि इस बार अलग–अलग साइज और डिजाइन के मुखौटे आए हैं, जिनमें मुस्कुराते चेहरे, चश्मा लगाए अंदाज और पारंपरिक पगड़ी वाले रूप शामिल हैं। इसके अलावा फिल्मी कलाकारों और कार्टून पात्रों के मुखौटे की भी बाजार में मांग रही। युवाओं के बीच स्लोगन वाली बनियानों का भी खास क्रेज दिखा। रंग–बिरंगी बनियानों पर रंग बरसे, होली है, बुरा न मानो होली है, होली की टोली, रंगों में डूबे हम, अबीर गुलाल की बहार जैसे आकर्षक वाक्य युवाओं को आकर्षित करते नजर आए।

### गुजरात में विवाहिता द्वारा खुदकुशी करने के मामले ने पकड़ा तूल

**जालौन (उरई)।** गुजरात में विवाहिता द्वारा खुदकुशी करने एवं गांव में अंतिम संस्कार के दौरान मायके पक्ष के लोगों द्वारा हंगामा करने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी मातेश्वरी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा गुजरात के महसान जिले में रहकर पानी पूरी का काम करता है। उसका विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व हुआ था। पत्नी बुलबुल भी उसके साथ ही रहती थी। बीती 27 फरवरी को बुलबुल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में मायके पक्ष के लोगों ने गुजरात में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी पुलिस ने उनके बेटे को गिरफ्तार भी कर लिया है। इसके बाद भी मायके पक्ष के लोग बौखलाए हुए हैं। सामाजिक दायित्व के चलते वह पुत्रवधू के शव को गांव में लाई थी और उसका अंतिम संस्कार करवा रही थी। इसी दौरान रेंढ़र थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मायके पक्ष के 40–50 लोग गांव में आ गए और झगड़ा करने लगे। उन्होंने पति के साथ गाली, गलौज और उनकी पिटाई कर दी।

# गौरक्षा आयोग के सदस्य ने किया गौशाला का निरीक्षण

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आज गौ रक्षा आयोग के सदस्य ने नगर में आकर गौशाला का निरीक्षण कर उनको दी जाने वाली खाद्य सामग्री के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लोगों से अन्ना गौ वशों के बारे में जानकारियां भी ली। आज गौ रक्षा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर नगर के महोबा रोड स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते हुए वहां की साफ सफाई, गायों को दिए जाने वाले भूसा या घास आदि की जांच की। उन्होंने वहां मौजूद पशुधन प्रसार अधिकारी आकाश सैनी से गायों के रुटीन चेकअप व उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। वही आयोग के सदस्य का साहू समाज के जिलाध्यक्ष विकास साहू उर्फ बल्लू व मुकेश यादव ने अपने साथियों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र गांधी, ग्रामीण के करन सिंह राजपूत, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बंटी, राजदीप पंडित, पुष्पेंद्र मुखिया कैंथी, यशोवर्धन दिहुलिया इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बिवांर, हमीरपुर।** डिलीवरी के बाद पीएचसी में महिला की हालत बिगड़ गई। जिसे सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया। परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। थानाक्षेत्र के चंदौली अहीर गांव निवासी जितेंद्र की पत्नी मोहनी 30 के नौ माह से अधिक का गर्भ था। रविवार की शाम महिला को प्रसव पीड़ा होने से परिजन एएन?एम से जान पहचान होने पर कल्ला गांव के पीएचसी में ले जाकर भर्ती करा दिया। सोमवार को सुबह करीब दस बजे एएनएम मधु ने तेज दर्द होने पर आक्सीप्रोसीन का इंजेक्शन दिया। थोड़ी देर बाद महिला ने बच्ची को जन्म दिया। तभी महिला को तेज घबराहट के साथ आंखें पलटा दी। महिला की हालत गंभीर होने पर आनन फानन में सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन निजी वाहन से महिला को सदर अस्पताल ले गए। जहां अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे एक नवजात व दो बच्चियों को रोते-बिलखते छोड़ गई है। देवर जयहिंद ने बताया कि कल्ला गांव में जान पहचान होने पर डिलीवरी के लिए बिवांर पीएचसी न लाकर कल्ला गांव के पीएचसी में ले गए हैं। एएनएम मधु ने बताया कि महिला की डिलीवरी आसानी से हो गई थी।

### खोया लेने मायके न जाने देने पर महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ, हमीरपुर।** मायके में खोया लेने न जाने देने पर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका के भाई ने बहन की हत्या कर शव को फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली के अकौना गांव 32 विनीता पत्नी कालका प्रसाद पाल ने रविवार की रात कमरे में रस्सी का फंदा डालकर कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति ने बताया कि उसकी ससुराल मुस्करा थाने के खड़ेही लोधन से सास शिवप्यारी का फोन आया था कि होली पर्व पर

- मृतका के भाई ने ससुरालियों पर हत्या कर शव को फांसी पर लटका देने का लगाया आरोप

खोया ले जाओ। जब उसने पत्नी से कहा कि खोया यहीं ले लेंगे। बताया कि रविवार को वह खाना खा कर सो गया। दूसरे कमरे में उसकी पत्नी व बच्चें सो रहे थे। तभी रात में उसकी पत्नी ने कमरे में फांसी लगा ली। रात करीब दो बजे बच्चों के चिल्लाने पर देखा तो पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पीछे दो एक पुत्र अंशू, एक पुत्री वंदना को छोड़ गई है। वहीं मृतका के भाई नीरेंद्र ने बताया कि ससुरालियों ने उसकी बहन की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया है। आक्रोशित मायके जनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद मृतका के पति को जमकर मारापीटा। कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## अचानक मेडिकल कालेज पहुंच डीएम ने मरीजों से किया संवाद



**उरई (जालौन)।** होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ट्रॉमा यूनिट, सामान्य वार्ड एवं अन्य चिकित्सा कक्षों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान इमरजेंसी सेवाएं पूर्ण रूप से सक्रिय रहें। विशेष रूप से सड़क दुर्घटना एवं अन्य आकस्मिक मामलों (एक्सीडेंट केस) को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से हैंडल किया जाए तथा उपचार में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, रक्त की पर्याप्त व्यवस्था, चिकित्सकीय उपकरणों की कार्यशीलता एवं ड्यूटी रोस्टर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

## सपा की पूर्व विस प्रत्याशी की स्कार्पियो गाड़ी ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

- सेना रोड नहर बाईपास पर हुई घटना

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सेना रोड नहर बाईपास पर गांव लौट रहे बाइक सवार को समाजवादी पार्टी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी की स्कार्पियो गाड़ी ने सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से स्वजनों में मातम छा गया है।

चिकासी थाने के टोला खंगारन गांव निवासी 20 वर्षीय चंद्रपाल पुत्र गिरधारी लाल अनुरागी सोमवार को राठ सामान लेने बाइक से आया था। दोपहर 12 बजे वह बाइक से गांव लौट रहा था। तभी सेना रोड नहर बाईपास पर सपा की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चंद्रवती वर्मा की चार पहिया स्कार्पियो गाड़ी ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ अरविंद यादव ने युवक को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के नाना कालीचरन अनुरागी ने बताया कि 15 वर्ष पहले उसके दामाद राठ कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी गिरधारी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद उसकी पुत्री सोमवती की मौत हो गई थी। बताया कि बचपन में माता पिता की मौत हो जाने पर वह अपने इकलौते नाती को अपने साथ ले आए थे। उन्होंने ही दो वर्ष पहले नाती की शादी की थी। तभी से वह उनके साथ में रहता था। बताया कि वह उसके साथ खेती में हाथ बंटाता था और मजदूरी करता था। कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि चार पहिया कार को कब्जे में ले लिया है। अभी स्वजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## होली के त्योहार को आपसी भाईचारे से मनायें लेकिन सावधानी बरतें: डीएम

- बगैर अनुमति किसी भी व्यक्ति को रंग, गुलाल न लगायें: एसपी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

होली पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा एडवाइजरी जारी, जनपदवासियों को सुरक्षित व संयमित तरीके से होली का पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि होली के त्योहार और रमजान मास के दृष्टिगत उक्त दोनों अधिकारियों द्वारा आम जनमानस से अपील की गई कि होली के पर्व को सकुशल एवं सुरक्षित ढंग मनाए। होली के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक ने जनपद के निवासियों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि सभी नागरिक जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सम्यक पालन करते हुए होली के त्योहार को आपसी भाई- चारा एवं हर्षोल्लास, अपनी सौहार्द और सावधानी के साथ मनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि होली खुशियों का पर्व है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है। होलिका दहन के समय सावधानियां बरतें। होलिका दहन आबादी और आवासीय क्षेत्रों से दूर करें। आग जलाते समय विशेष सावधानी बरतें और सुरक्षित दूरी से ही तापें। गर्भवती एवं नवविवाहित महिलाओं को होलिका के अत्यधिक निकट जाने से बचना चाहिए। पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार द्वारा अपील की गई कि होली खेलते समय किसी की अनुमति के बिना रंग न लगाएं। त्योहार के दौरान पर्याप्त पानी व जूस पीते रहें, ताकि शरीर हाइड्रेट रहे। किसी भी आपदा या आपात स्थिति में सहायता हेतु जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम (कक्ष संख्या 12 के फोन नंबर 05162-257090 टोल फ्री नंबर 1077, व्हाट्सएप नंबर 9454416363 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहत आयुक्त कार्यालय के नंबर 9454411081, 1070, 112, 108 पर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### होली खेलने से पहले शरीर व बालों में लगा लें तेल: सीएमओ

उरई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीरेंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि सभी बच्चों महिलाओं और वयस्कों को अपनी आंखों, त्वचा एवं बालों की सुरक्षा हेतु होली खेलने से पहले शरीर और बालों में नारियल, सरसों या जैतून का तेल लगाएं, जिससे रंगों का दुष्प्रभाव कम हो। धूप से बचाव के लिए सनस्क्रीन और मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। आँखों को बचाके रखें केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग ना करे। कपड़े एवं सुरक्षा ऐसे वस्त्र पहनें जो शरीर को पूरी तरह ढकें। आंखों की सुरक्षा के लिए सनग्लासेस या सुरक्षात्मक चश्मा पहनें। संभव हो तो मास्क का प्रयोग करें। आंखों में रंग जाने पर तुरंत साफपानी से धोएं, रगड़ें नहीं। हर्बल रंगों का प्रयोग केवल जैविक और हर्बल गुलाल का ही उपयोग करें। पक्के, रासायनिक या धातुयुक्त रंगों से त्वचा संबंधी रोग, एलर्जी और खुजली हो सकती है।

## क्रॉम्पटन ने एआई-संचालित डिजिटल फिल्म 'बिना रुके, ज्यादा चले' के साथ मनाया होली का उत्सव




**लखनऊ।** होली वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, जब देशभर में घर, छतें और मोहल्ले रंगों और उत्साह से सराबोर हो जाते हैं। सुबह की तैयारियों से लेकर दिन भर चलने वाले पानी के खेल तक, हर पल पानी के निरंतर प्रवाह पर निर्भर करता है जो हर छींटें और पुनःभरने की ऊर्जा देता है। इसी उत्सवधर्मिता को अपनाते हुए, भारत के सबसे भरोसेमंद उपभोक्ता विद्युत ब्रांडों में से एक, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी एआई-संचालित डिजिटल फिल्म, क्रॉम्पटन पंप्स - बिना रुके, ज्यादा चले लॉन्च की है। होली का उत्सव अक्सर दिनभर ऊर्जा और उल्लास के साथ आगे बढ़ता है- सुबह बाल्टियां भरने से लेकर छतों पर हंसी की गूंज तक। हालांकि, पिचकारी की मस्ती और रंगों की धूम के बीच अनियमित उत्सव की रफ्तार को धीमा कर सकता है। इस उत्सवपूर्ण सोच को जीवंत बनाते हुए यह एआई-संचालित डिजिटल फिल्म उत्सव की लय को सजीव करती है और एक सरल उपभोक्ता सत्य को प्रस्तुत करती है, जब पानी स्वतंत्र रूप से बहता है, तो उत्सव भी बिना रुकावट जारी रहता है। एआई द्वारा संचालित यह डिजिटल फिल्म जीवंत उत्सवपूर्ण दृश्यों को सहज प्रदर्शन परिवर्तनों के साथ प्रस्तुत करती है। इसकी कथा पंप के निर्बाध प्रदर्शन को दर्शाती है-मजबूत सक्शन और स्थिर जल प्रवाह के माध्यम से, जो उत्सव को बिना विराम आगे बढ़ाता है। अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मुख्य विपणन अधिकारी तन्मय प्रस्ती ने कहा, होली ऊर्जा, गतिशीलता और साथ मिलकर उत्सव मनाने का पर्व है। 'बिना रुके, ज्यादा चले' के माध्यम से हमारा उद्देश्य इसी उत्साहपूर्ण गति को दर्शाना था, साथ ही निर्बाध प्रदर्शन के महत्व को रेखांकित करना था। एआई सक्षम स्टोरीटेलिंग से हम रोजमर्रा के अनुभवों से जुड़े रहते हुए, उत्सव की ऊर्जा को समकालीन प्रारूप में प्रस्तुत करने में सक्षम हो सके। क्रॉम्पटन में हमारा फोकस ऐसे उत्पादों के डिजाइन पर है, जो हर मौसम और अवसर पर विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करें।

## डीपी वर्ल्ड ने उत्तर प्रदेश में युवा क्रिकेटर्स को दिया पैवेलियन और किट्स का तोहफा

- बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के तहत लखनऊ में रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर को पैवेलियन में बदला गया




**लखनऊ।** डीपी वर्ल्ड ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में एक रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराते हुए अपनी बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल को विस्तार दिया है। इससे उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट तक पहुंच मजबूत होगी। शिपिंग कंटेनर को पूरी तरह से सुसज्जित मल्टी पर्पज पैवेलियन में बदला गया है, जिससे युवा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, तैयारी और आराम के लिए डेडिकेटेड स्पेस मिल सकेगा। लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह की उपस्थिति में इस पैवेलियन का अनावरण किया गया। इसे स्थायी रूप से सेज क्रिकेट एकेडमी में स्थापित किया जाएगा। 250 क्रिकेट किट्स के माध्यम से चुनिंदा एकेडमी को उपकरणों तक पहुंच बढ़ाने और स्ट्रक्चर्ड कोचिंग देने में मदद मिलेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के साथ मिलकर की गई इस पहल ने आईसीसी टूर्नामेंट्स में बनने वाले प्रत्येक 100 रन पर 10 किट डोनेट करने के डीपी वर्ल्ड के लक्ष्य को और मजबूत किया है।

### नाबालिक पुत्री ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में बीती रात अज्ञात कारण के चलते नाबालिक लड़की ने घर में दुप्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी प्रमोद कुमार की पुत्री कृष्णा देवी उम्र 17 वर्ष ने घर की छत में लगे एंगल की रॉड से दुप्टे से फांसी लगाकर अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर थाना पुलिस सहित फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर घटना की जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तीमारदारों के द्वारा डॉक्टर से अभद्रता करने का वीडियो वायरल, डाक्टरों में आक्रोश

- लामबंद हुए डॉक्टरों ने प्रदर्शन कर सीएमएस को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी



**महोबा।** अक्सर अव्यवस्थाओं, लापरवाहियों सहित स्वास्थ्यकर्मियों की कमी हो लेकर सुर्खियों में रहने वाला जिला अस्पताल एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है। बीति रात तीमारदार के साथ आए लोगों द्वारा मरीज को रेफर करने को लेकर डॉक्टर से हुई कहासुनी के बाद का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है जो जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है। नोंकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डॉक्टर लामबंद हो गए और अस्पताल परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सीएमएस को ज्ञापन सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की माँग की है। सूचना मिलते ही एसडीएम भी मौके पर पहुंच गए और डॉक्टर से बात कर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर डॉक्टर शांत हुए। डॉक्टरों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के जिला अस्पताल परिसर का है। जहां जहां बीती रात मरीज को रेफर करने के लिए तीमारदार के साथ पहुंचे अन्य लोगों की प्रभारी सीएमएस डॉक्टर राजेश भट्ट से हुई तीखी नोकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है वायरल वीडियो में देखा जा सकता है किस तरीके से तीमारदार के साथ अस्पताल पहुंचे लोगों द्वारा डॉक्टर के साथ नोंक झोंक की जा रही है।

## पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा, मां-बेटे को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- नगर के खोया मण्डी स्थित मकान में एक महिला का शव मिलने से मच गया था हड़कंप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



नगर कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों हुआ सनसनी खेज ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा किया है जिसमें नौकरानी ने अपने बेटे के साथ मिलकर मालकिन का मौत की नींद सुला दिया था पुलिस ने आरोपित नौकरानी और उसके बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि यह मामला मुख्यालय स्थित खोया मण्डी का है जहां संतोष पुरवार अपनी पत्नी किरन पुरवार के साथ रहते हैं उनकी पत्नी किरन बीमारी से जूझ रही थी बेटियों की शादी हो चुकी है पत्नी की देखभाल के लिए नौकरानी आशा रैकवार को काम पर रखा गया था जो पिछले कई वर्ष से घर पर सेवा कर रही थी लेकिन 25 फरवरी 2026 को संतोष पुरवार सुबह दुकान पर चले गए घर पर उनकी पत्नी किरन और नौकरानी मौजूद थी। रात्रि में जब वह लौटे तो घर का बाहर का दरवाजा खुला पाया अंदर पहुंचे पर उन्होंने देखा कि उनके बीमार पत्नी बेड पर संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ी है और उनके कानों से कुंडल गायब है। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान मिले सबूत के आधार पर पुलिस ने सनसनी खेज ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया। इसमें शामिल नौकरानी आशा रैकवार व उसका बेटा सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकार अरुण कुमार सिंह के अनुसार नौकरानी आशा घर के सारे काम करती थी । लेकिन छोटी-छोटी बातों पर मालकिन की डांट से अपमानित महसूस करती थी इसी के चलते उसने अपने बेटे के साथ मिलकर मालकिन की हत्या कर दी और वारदात को चोरी का रूप देने के लिए कानों से कुंडल उतार लिए गए।

### बाइक सवार की ई रिक्शा से हुई भिड़ंत, बाइक सवार घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** ससुराल से बाइक द्वारा अपने गांव वापस लौट रहे युवक की कस्बे के रेलवे स्टेशन के पास ई रिक्शा से बाइक भिड़ंत हो गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कुरारा थानाक्षेत्र के पोथीपुर निवासी देवला (25) पुत्र राजा निषाद शनिवार को मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढ़ीहा डेरा अपनी ससुराल आया था। सोमवार व ससुराल से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रेलवे स्टेशन मोड़ के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा से सीधे भिडंत हो गई। जिसमें देवला गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे तुरंत कस्बे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसे मामूली चोटें ही आई हैं। जिसका उपचार चल रहा है।

# होली पर्व पर प्रवर्तन दल ने की यात्री वाहनों की कड़ी जाँच, 10 चालान

> ऊंचाहार पुलिस की सक्रियता, टैक्निकल एविडेंस का सहयोग, अपराधी गिरफ्त में



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होली पर्व पर सड़क सुरक्षा और यात्री सुरक्षा, सुगम यात्रा सुनिश्चित करने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रवर्तन टीमो द्वारा हाइवे पर यात्री वाहनों की कड़ी जाँच करते हुये लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर अनिवार्यता, चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, व्यवहार, शराब पीकर गाड़ी न चलाने, क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाने को लेकर जागरुक किया गया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की गई। आज सोमवार को लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने लगभग 35 वाहनो के परमिट, फिटनेस सहित अन्य पत्रावलियो की गहनता से जांच की। तथा नियमो का उल्लंघन मिलने पर 10 वाहनो के चालान किये। इस दौरान एआरटीओ ने यात्रियो को किसी प्रकार की असुविधा होने पर परिवहन विभाग की हेल्पलाइन नम्बर 18001800151 पर शिकायत दर्ज कराने को लेकर जागरुक किया।

## तुलसी का मानस मानवता का संदेश वाहक ग्रंथ : लालतादास जी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

तुलसी का मानस मानवता का सन्देशवाहक ग्रन्थ है। इसमें मर्यादापुरु?षोत्तम राम के आचार-व्यवहार के द्वारा समाज को आपस में बैर भाव छोड़कर सबसे प्रेम और मित्रता करने की प्रेरणा दी गयी है। ये विचार बहुता धाम में आयोजित 98वें नवदिवसीय मानस सम्मेलन के उद्?घाटन अवसर पर प्रेमदास कुटी हैदरगढ़ के वयोवृद्ध साधक संत महन्त लालतादास जी महाराज ने व्यक्त किये। महन्त जी ने आज की वैश्विक परिस्थितियों में रामचरितमानस की उपादेयता पर प्रवचन करते हुए कहा कि आज सर्वत्र अशान्ति और असन्तोष फैला है। समाज ही नहीं अपितु विश्व के अनेक राष्ट्र परस्पर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे समय में राम का जीवन चरित अपनाने की आवश्यकता है। संसार में किसी को हिंसा के द्वारा अपनी या शारीरिक शक्ति के द्वारा अपने वश में नहीं किया जा सकता है अपितु प्रेम एवं सद्?भावना से अपना बनाया जा सकता है। पुरु?षोत्तम रामजी ने तो म?नुष्य के ही नहीं अपितु वानर, भालू रीक्ष आदि को भी अपना मित्र बनाकर वश में कर लिया। हिंसक पशु भी बैर छोड़कर बनवास काल में राम के साथ रहते थे। 6बैर बिहार चरहि एक संगा।8 अजय शास्त्री बिन्दु ने कहा कि भगवत प्राप्ति की पहली सीढ़ी शांत मन से भगवान का भजन है। भजन करने से मन की एकाग्रता का अभ्यास होता है। शुद्ध पवित्र मन ही लोक-परलोक की उन्नति का साधन है। (मुरैना मध्यप्रदेश) से आये राम निवास शास्त्री ने बताया कि भारतवर्ष संतो-महिलाओं की साधना का पावन देश है। यहाँ का संत साहित्य ही भारतीय जीवन-शैली को नियंत्रित कर सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। शास्त्री जी ने इस कार्यक्रम की सुदीर्घ परम्परा की चर्चा करते हुए बताया कि आज से 98 वर्ष पूर्व सदगृहस्थ संत रामभरोसे दास पाण्डेय एवं रामधनदास जी ने प्रारम्भ किया था जिसे श्रीयुत श्रीधर पाडेय जी ने आगे बढ़ाया और धीरे-धीरे इसे शिवहरीलाल पाण्डेय ने इसका विस्तार किया जो उसी परम्परा में सुशील पाण्डेय के द्वारा विधि विधान से सम्पादित किया जा रहा है। आए हुए अतिथियों का स्वागत अनिल पाण्डेय ने किया ।

## सरकारी खड़ंजा निर्माण को लेकर विवाद, ग्रामीणों ने एसडीएम से की जांच की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** ग्राम पंचायत गायडीह में सरकारी खड़ंजा निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। गांव के निवासी नफीस अहमद, मोहम्मद अनीस और मसीहुद्दीन ने थाना दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी उतरौला को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा निर्धारित सरकारी मार्ग को छोड़कर उनकी निजी भूमि पर पीली ईंट का खड़ंजा लगवाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर खड़ंजा निर्माण कराया जा रहा है, वह उनकी निजी जमीन है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा जानबूझकर सरकारी खड़ंजा की मूल निर्धारित लाइन को बदलते हुए निजी भूमि पर कार्य कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में भूमि विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# कल्याणी नदी में डूबा 10 वर्षीय बालक, मचा कोहराम




**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** असन्दरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बठौली गांव निवासी नौमी लाल के 10 वर्षीय मासूम बेटे की रविवार की देर रात कल्याणी नदी में डूब कर मौत हो गई सोमवार की सुबह उसका शव नदी से निकलवाकर पीएम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक नौमी लाल का 10 वर्षीय मासूम बेटा रविवार को दोपहर बाद बकरी चराने गांव के बाहर स्थित कल्याणी नदी के तट पर अन्य बच्चों के साथ गया था। सभी बच्चे नदी में नहाने लगे इसी बीच अमित नदी के अंदर गहरे पानी में पहुंच कर डूबने लगा। उसे डूबता देख अन्य बच्चों ने गांव में सूचना दी लोग जब तक पहुंचते अमित नदी में डूब गया। इसके बाद गांव के कई लोग नदी में उसे खोजने के लिए उतरे लेकिन काफी देर तक पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह अमित का शव नदी में घटना स्थल से करीब 500 मीटर दूर झाड़ियां से बरामद हुआ। घटना की सूचना पर एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी व प्रभारी निरीक्षक भी मौके पर पहुंचे तथा शव को पीएम के लिए मुख्यालय भिजवा दिया। एसडीएम श्री सिंह ने बताया कि मृतक मासूम के परिजनों को जल्दी ही सरकार द्वारा जारी सहायत राशि चार लाख रुपए प्रदान की जाएगी। इस घटना से पूरे गांव में शोक व्यक्त किया और परिजनों का मासूम बच्चे की मौत के बाद रो रोकर बुरा हाल है ।

# भटकते युवा : शौक पूरे करने के लिए चुना 'जरायम' की दुनिया का रास्ता

> ऊंचाहार पुलिस की सक्रियता, टैक्निकल एविडेंस का सहयोग, अपराधी गिरफ्त में

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली के ऊंचाहार थाना क्षेत्र का लूट का एक ऐसा मामला जिसमें जरायम की दुनिया में शामिल होने के लिए उतावले हो रहे ऐसे बच्चे हैं जिनकी उम्र 18 से 20 साल के आसपास होगी। समाज की चकाचौंध जिंदगी को देखते हुए अपनी शान और शौकत पूरी करने के लिए उन लोगों के द्वारा गलत रास्ते को चुना गया। मामला कंस्ट्रक्शन कंपनी के कंप्यूटर ऑपरेटर से हुई लूट की घटना से जुड़ा हुआ है जिसका खुलासा करते हुए 6 ऐसे लुटेरों को लूटे गए माल के साथ



गिरफ्तार किया गया जिन्होंने अपने शौक पूरे करने के लिए लूट की घटना को अंजाम दिया। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीगंज गांव के पास का है जहां 26 फरवरी को एनटीपीसी की कार्यदायी संस्था में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित पाल अपने घर वापस जा रहा था तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक कर लैपटॉप, पेन ड्राइव मोबाइल स्मार्ट वॉच छीन कर फरार हो गए थे पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके बदमाशों की तलाश शुरू की पुलिस अधीक्षक ने बताया कि करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद 6 संदिग्धों से पूछताछ शुरू की गई पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोगों ने अपने रोजमर्रा के महंगे खर्च पूरा करने के लिए लूट की थी पकड़े गए पांच आरोपी फतेहपुर जनपद के रहने वाले हैं वही एक रायबरेली का है पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

**परत दर परत टेक्निकल एविडेंस ने खोला राज**

कहावत है कि पुलिस के हाथ लंबे होते हैं और जब आज के आधुनिक युग में हर व्यक्ति कहीं ना कहीं टेक्निकल गैजेट के गिरफ्त में होता है और यही गैजेट जब आपके लिए वरदान साबित होते हैं तो आपके द्वारा जब अनैतिक कार्य किए जाते हैं तो यह अभिशाप भी बन जाते हैं ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में जो लूट की घटना हुई थी पुलिस के लिए टेक्निकल एविडेंस 'संजीवनी' बन गई तो वही अपराधियों के लिए अभिशाप बन गए।

## खबरें एक नजर में

### गंगागंज में फैजान खान ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा अमेठी के गंगागंज मोहल्ले में सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रमज़ान माह के पावन अवसर पर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फैजान खान द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोज़ेदारों, स्थानीय लोगों तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। आयोजन स्थल पर शाम ढलते ही रोज़ा इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गईं। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रोज़ेदारों के साथ बैठकर इफ्तार किया और रमज़ान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पवित्र महीना संयम, त्याग, इंसानियत और आपसी प्रेम का प्रतीक है। इफ्तार से पूर्व देश में अमन-चैन, खुशहाली और सामाजिक एकता के लिए सामूहिक दुआ की गई। अज़ान के बाद रोज़ेदारों ने खजूर, फल, शरबत एवं पारंपरिक व्यंजनों के साथ रोज़ा खोला। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंगागंज मोहल्ले में हर वर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाता है, जिससे आपसी मेल-जोल और सामाजिक समरसता को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं और बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अंत में आयोजक फैजान खान ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और मोहल्लेवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अदनान मियां, सलमान शरीफ, सैयद अदनान, परवेज, विजेंद्र शुक्ल, फूलचंद्र कसौधन, विजय आनंद शुक्ला सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति के तहत अचलपुर चौधरी में बहू-बेटी सम्मेलन, महिलाओं को योजनाओं व सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर प्रभारी सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम अचलपुर चौधरी में सामूहिक बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं–कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि–की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिला अपराध, महिला हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न जैसे विषयों पर जागरूक करते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराधों–ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड, पेंशन धोखाधड़ी आदि–से सतर्क रहने की अपील की गई।

## युद्ध के दृष्टिगत जारी की गई जनहित में आवश्यक सूचना

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** ईरान/ईराक क्षेत्र में वर्तमान युद्ध एवं सुरक्षा-संघर्ष की गंभीर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए यह जनहित में अत्यंत आवश्यक है कि जनपद के ऐसे नागरिकों का विवरण जिला प्रशासन के पास उपलब्ध हो, जो वर्तमान में ईरान, इराक अथवा अन्य खाड़ी देश में निवासरत, कार्यरत, यात्रा पर गए हुए या किसी कारणवश फंसे हुए हैं, अथवा हाल ही में वहाँ से भारत लौटे हैं। इस जानकारी का उद्देश्य प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा, आवश्यक सहायता, त्वरित संपर्क, समन्वय तथा केंद्र राज्य सरकार द्वारा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उनके परिवार का कोई सदस्य, रिश्तेदार अथवा परिचित उपर्युक्त देशों में मौजूद है, तो उनका विवरण संपर्क नंबर स्थान व पता वर्तमान निवासी देश के नाम के साथ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। निर्धारित प्रारूप में निम्न विवरण स्पष्ट रूप से अंकित करें– उक्त विवरण संबंधित तहसील कार्यालय उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला प्रशासन को निर्धारित माध्यम से अविलंब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे शासन स्तर पर आवश्यक समन्वय एवं सहायता प्रभावी रूप से की जा सके। उक्त सूचना निम्न नंबर पर प्रदीप कुमार सिंह, आपदा विशेषज्ञ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण - अमेठी मो-7830318428 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

# जिलाधिकारी ने दी जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली रंग, उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है जिसे प्रेम, सद्भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

## चोरी की बकरी के साथ पुलिस ने दो को दबोचा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना शिवरतनगंज पर दो अभियुक्त लक्ष्मी प्रसाद पुत्र शत्रोघन निवासी कुसुम्भी थाना शिवरतनगंज व अर्जुन उर्फ टन्ना पुत्र भुल्ली निवासी कुसुम्भी टिकरी थाना शिवरतनगंज को चोरी की बकरी के साथ गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से पुलिस ने बकरी बरामद किया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि बीते 27 फरवरी को उन दोनों ने उक्त बकरी को कुसुम्भी टिकरी गांव से चोरी किया था।

मौका देखकर वह दोनों इस बकरी को बेचने के लिए जा रहे थे। बरामदगी के आधार पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## जेएचजेएन जू. हाई स्कूल में आयोजित हुई ग्रामीण कोष प्रतियोगिता

> मेधावी छात्र हुए सम्मानित




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के लोहिया नगर स्थित जेएचजेएन जू हाई स्कूल में ग्रामीण कोष प्रतियोगिता आयोजित हुई जिनमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आयोजन विद्यालय प्रांगण में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' शामिल हुए। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. माया सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान संघ अध्यक्ष संग्रामपुर मुन्ना सिंह, हीरेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, गुल मुहम्मद सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की गई कि विद्यालय निरंतर प्रगति एवं सफलता की ओर अग्रसर होता रहे तथा विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बने।

## वृद्धाश्रम में आयोजित चिकित्सा शिविर में 73 बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मलिक मोहम्मद जायसी जिला संयुक्त चिकित्सालय असैदापुर की टीम द्वारा सोमवार मुख्यालय गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. पितांबर कनौजिया ने वृद्धाश्रम में आवासित बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें रोगानुसार आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई। शिविर के दौरान कुल 73 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय परामर्श देते हुए डॉ. कनौजिया ने बुजुर्गों को नियमित रूप से हल्का-फुल्का व्यायाम करने, प्रतिदिन टहलने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संतुलित दिनचर्या और सावधानी से स्वास्थ्य बेहतर रखा जा सकता है। निःशुल्क दवा एवं परामर्श प्राप्त कर वृद्धजन संतुष्ट एवं प्रसन्न दिखाई दिए।

# देर रात आईजी और डीएम ने आगामी त्यौहारों को देखते हुए लिया जायजा



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** पुलिस महानिरीक्षक महोदय लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ किरण एस एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा आगामी होली, रमजान माह, एवं ईद पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला कजियारा में पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया गया।

इस दौरान व्यापारियों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारे, परस्पर सम्मान एवं सहयोग की भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम0 दास सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ब्लॉक खैराबाद में होली मिलन व सम्मान समारोह कार्यक्रम मनाया गया

**सीतापुर।** विकासखंड खैराबाद के सभागार में होली की पूर्व संध्या पर आयोजित भव्य होली मिलन एवं सम्मान समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि यह जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और पत्रकारों की एकजुटता व सम्मान का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों, समस्त रोजगार सेवकों, ब्लॉक स्टाफ एवं सम्मानित पत्रकारों को मंच पर आमंत्रित कर अंगवस्त्र, माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभागार में सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया और पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व अग्रवाल, कालू नितिन गुप्ता तथा मोहम्मद जमा खैराबादी की जमकर प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि सभी प्रतिनिधि लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं और जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान कराने का प्रयास करते हैं। उनकी सक्रियता और जनसंपर्क शैली के कारण विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं गति आई है। मंच से वक्ताओं ने ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा के नेतृत्व की भी सराहना करते की।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS
(Government of India)
Skill India
Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)

EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT

JOIN PRADHAN MANTRI VIRASAT KA SAMVARDHAN (PM VIKAS) SCHEME

COURSES OFFERED

AI-TECHNOCRAFT
Duration: 11 Month
Eligibility: Graduate

MULTI SKILL TECHNICIAN
Consumer Durables
Duration: 09 Month
Eligibility: 8th Pass



Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)

Male and Female
Age: 18 to 35

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.

Documet Required
Passport Size Photo
Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook (DBT Account)
Income Certificate
Caste certificate

Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)
Centre Address
TCIL - Laharpur (Sitapur), 43/2 Manager Saint Bilal Pvt Iti Laharpur, Sitapur, UP 261135 IND
Contact details
+91-9651151282

# बाजार से घर लौट रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाजार से लौट रहे युवक को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कस्बा मोहम्मदाबाद के आज़ाद नगर निवासी स्वर्गीय बदन सिंह के 19 वर्षीय पुत्र अमित की बीती रात सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। अमित संकिसा रोड स्थित बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहा था। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर से उसकी



मृतक का फाइल फोटो

टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निजी वाहन से एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर और उसके चालक को



गमगीन बैठे मृतक के परिजन

पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। बताया गया कि अमित मजदूरी का कार्य करता था और वह आठ भाइयों में सातवें नंबर पर था। युवक की मौत से उसकी मां कुसमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज विनोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। वहीं ट्रैक्टर चालक उपेंद्र कुमार पुत्र काशीराम निवासी नगला मोती ने बताया कि वह फर्रुखाबाद स्थित तिरुपति कोल्ड स्टोरेज से आलू उतारकर वापस लौट रहा था। उसका कहना है कि बाजार क्षेत्र में एक अज्ञात कार द्वारा टक्कर मारे जाने से अमित ट्रैक्टर पर गिर गया।

जिससे यह हादसा हुआ। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# होली के पर्व को देखते हुए बाजारों में उमड़ी भीड़

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। अमृतपुर कस्बे में सोमवार को भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोग खरीदारी के लिए कस्बे में पहुंचने लगे। जिससे बाजार में चहल पहल का माहौल रहा।

होली के मुख्य आकर्षण रंग और गुलाल की दुकानों पर सर्वाधिक भीड़ रही। विभिन्न रंगों के गुलाल, पिचकारियां और बच्चों के लिए आकर्षक होली सामग्री लोगों को आकर्षित कर रही थी। दुकानदारों ने भी त्योहार के मद्देनजर अपनी दुकानों को रंग बिरंगे सामान से सजाया हुआ था। नए कपड़े खरीदने की परंपरा के चलते कपड़ों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। महिलाएं सूट,



बाजार में रंगों व पिचकारियों की सजी दुकानें

साड़ियां और बच्चे नए कपड़े पसंद करते दिखे। इसके अतिरिक्त, जूतों, चप्पलों, चश्मों, टोपी और बेल्ट जैसी वस्तुओं की दुकानों पर भी अच्छी खरीदारी हुई। छोटे बच्चे रंगीन चश्मे और आकर्षक टोपी खरीदने की जिद करते नजर आए। बाजार में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी अपनी जरूरत का सामान खरीदते दिखे। त्योहार के कारण बिक्री में इजाफा होने से दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी साफ झलक रही थी। स्थानीय व्यापारियों, जिनमें कपड़ा व्यापारी अवधेश सक्सेना और आकाश गुप्ता तथा चप्पल विक्रेता विशाल, नीरज गुप्ता और रामू राठौर शामिल हैं, ने बताया कि जैसे-जैसे होली नजदीक आएगी, बाजार में भीड़ और बढ़ेगी। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि की उम्मीद है।

## वांछित अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम भोला नगरिया रोड से करीब 100 मीटर दूर मैदान के पास से वांछित अभियुक्त ग्राम धरनी धरपुर नगरिया निवासी गौरव यादव पुत्र अशोक कुमार उर्फ मुनुआ को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि गौरव पहले से मुकदमा संख्या 16/2026 धारा 191(2)/ 191(3) /126(2)/ 352/109/351(2) बीएनएस में वांछित था। बरामद हथियार के आधार पर उसके खिलाफ मुकदमा संख्या 31/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में नया केस दर्ज किया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपति सहित बच्चे घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** होली के पावन अवसर पर पवनी उठाने जा रहे बाइक सवार दंपति सहित दो बच्चे ट्रैक्टर की टक्कर लगने से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर सभी को सौ शैया से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। जनपद मैनपुरी थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम खजुरिया पोस्ट बजेरा निवासी 36 वर्षीय अनिरुद्ध पुत्र राजेंद्र सिंह अपनी 32 वर्षीय पत्नी रूमा और 4 वर्षीय पुत्री आरुषि तथा तीन वर्षीय पुत्र आरव को लेकर बाइक से तुलसीपुर स्थित अपनी ससुराल से होली पर पवनी उठाने के लिए जा ही रहे थे। तभी एन एच 34 स्थित लता कोल्ड के पास रॉन्ग साइड आ रहे आलू से लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानी लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपनी गाड़ी से घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया।

# प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का जमकर हो रहा इस्तेमाल

- रोक लगाने के दावे केवल कागजों तक सीमित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गर्मी का सीजन शुरू होते ही शहर में गन्ने के जूस सहित कई तरह के शीतल पेय पदार्थों की मानो बाढ़ सी आ जाती है। जगह-जगह ठेलियां सज जाती हैं और लोगों की भीड़ उमड़ने लगती है, लेकिन इसी के साथ प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ जाता है। जिस पर रोक लगाने के दावे केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहे हैं।

एक ओर शासन द्वारा होली पर्व को प्लास्टिक मुक्त बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के गिलासों का खुलेआम उपयोग जारी है। फतेहगढ़ बाजार, आवास विकास स्थित मिशन अस्पताल के पास, मिनी चौपाटी क्षेत्र तथा कोऑपरेटिव बैंक के सामने लगने वाली गन्ने के जूस की ठेलियों पर धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक गिलासों का प्रयोग हो रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक गिलासों और गन्ने की खोई को सीएमओ कार्यालय के बाहर ही आग के हवाले कर दिया जाता है। प्लास्टिक जलने से निकलने वाला जहरीला धुआं आसपास के बाजार, मरीजों, राहगीरों और कार्यालय कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। स्वास्थ्य विभाग के दफ्तर के सामने ही इस तरह की लापरवाही प्रशासनिक



बाजार में पॉलीथिन में रखा सामान

निगरानी पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि सीएमओ कार्यालय का कूड़ा नगर पालिका की गाड़ी में डालने के बजाय बाहर गड्ढे में फेंक दिया जाता है। जिसे बाद में जला दिया जाता है। इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ जाती है। विडंबना यह है कि होली पर शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट दिखाई दे रही है। यदि जिम्मेदार विभागों के आसपास ही नियमों की अनदेखी हो रही है तो आम जनता से पालन की अपेक्षा कैसे की जा सकती है।

शहरवासियों ने नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर तत्काल रोक लगाई जाए। खुले में कूड़ा और प्लास्टिक जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन अपने आदेशों को धरातल पर लागू करता है या फिर प्लास्टिक मुक्त अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

# मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण का बोलबाला, घंटों जाम से जनता बेहाल



कस्बे में लगा जाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर का मुख्य चौराहा उसके चारों मार्ग व मुख्य बाजार इन दिनों अव्यवस्था का केंद्र बन गया है। रेहड़ी पटरी वालों द्वारा सड़क घेरे जाने और मछली मंडी की अव्यवस्था के कारण आम जनमानस का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे मांस मछली खरीदने आए ग्राहकों द्वारा सड़क पर ही वाहन खड़े कर देने से घंटों लंबा जाम लग गया। जिससे राहगीरों को भारी दिक्कत उठानी पड़ी। बाजार की स्थिति यह है कि दुकानदारों ने फुटपाथ को अपनी निजी संपत्ति समझ लिया है। सड़क पर बेंच और तख्त लगाकर सामान बेचा जा रहा है। इसके साथ ही रेहड़ी पटरी वालों के जमावड़े के कारण सड़क की चौड़ाई आधी रह गई है। बड़े वाहनों के प्रवेश करते ही पहिए थम जाते हैं और देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। नगर के बीचों बीच स्थित मछली मंडी स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। यहाँ न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि गंदगी और दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। राहगीरों को अपनी नाक पर कपड़ा रखकर वहां से गुजरना पड़ता है। सोमवार को भी ग्राहकों द्वारा बेतरतीब ढंग से खड़ी की गई कार और बाइकों के कारण घंटों आवागमन ठप रहा। स्थानीय नागरिक गोपाल, आलोक, विकास गुप्ता, सुनील राठौर आदि ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की शिथिलता के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। बार.बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को जाम में फंसकर भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार से बात की गई, तो उनका कहना है कि मुख्य बाजार मार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। इसलिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करना पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का काम है। प्रशासनिक विभागों के बीच तालमेल की कमी और जिम्मेदारी से बचने के इस रवैये के कारण नवाबगंज की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। अब देखना यह है कि क्या पीडब्लूडी या जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर कोई ठोस कदम उठाता है या जनता यूं ही जाम और दुर्गंध में घुटती रहेगी।

# मेला में लगे झूले पर बैठने को लेकर हुआ विवाद

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र की कसाबा चौकी के अंतर्गत रामलीला मैदान में चल रहे मेले के दौरान झूले को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने तूल पकड़ लिया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मेले में मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया

झूले पर बैठने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। इसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। मेले में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिससे कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही कसाबा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों को अलग किया और समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। पुलिस की मौजूदगी से स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई और मेले की गतिविधियां फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गईं। इस संबंध में कसाबा चौकी इंचार्ज संजय कुमार मौर्य ने बताया कि मेले में झूले को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था कायम है।

# छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा में सफल सिंह ने हासिल की प्रथम रैंक

- कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर के छात्र ने जनपद में नाम किया रोशन
- बीएसए, बीईओ और शिक्षकों ने छात्र को दी शुभकामनाएं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



छात्र सफल सिंह को शुभकामनाएं देते शिक्षकगण

पीएमश्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर के छात्र सफल सिंह ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 162 अंक प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, विकास खंड गुगरापुर तथा जनपद का नाम रोशन हुआ है। सफल सिंह, मुकेश सिंह के पुत्र हैं और कक्षा- 8 के छात्र हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया। शिक्षकों एवं सहपाठियों ने छात्र को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना ने कहा कि सफल सिंह की मेहनत और लगन अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। नोडल शिक्षक संकुल रामकिशोर सिंह ने छात्र की सफलता को विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण बताया। खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने भी छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की यह सफलता साबित करती है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# सेवानिवृत डॉ. रामेंद्र राजपूत को दी भावभीनी विदाई



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

लोक भारती इंटर कॉलेज के स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सभागार में सौ शैया हॉस्पिटल से सेवानिवृत नेत्र चिकित्सक डॉ रामेंद्र राजपूत की भावभीनी विदाई दी गई।

लोधी क्षत्रिय उत्थान सेवा समित की तरफ से पूर्व सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा ने उन्हें संविधान की प्रति देकर सम्मानित किया। कवि हरिगोविंद शाक्य हरि ने भी माल्यार्पण कर, शाल व पंचशील पट्टिका पहनाकर एवं अपनी स्वरचित पुस्तकें देकर और कई लोगों ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता कवि हरिगोविंद शाक्य हरि ने कहा कि डॉक्टर यदि अपना कर्तव्य समझकर कार्य करें तो वे किसी भगवान से कम नहीं होते हैं। ये कभी भी रिटायर्ड नहीं होते हैं। अध्यापक श्रीपाल वर्मा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधानाचार्य राष्ट्रपति से पुरस्कृत लज्जाराम वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, डॉ घनाराम वर्मा, आलोक वर्मा, कवियत्री साधना यादव, स्टाफ नर्स दीप्ति शाक्य ,डॉक्टर सीबी सिंह, राजेश राजपूत, रामप्रकाश राजपूत सर्राफ सहित कई लोगों ने डॉक्टर रामेंद्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कवि हरिगोविंद शाक्य हरि एवं कवियत्री साधना यादव को भी शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संत तुलादास की अध्यक्षता एवं लोधी क्षत्रिय उत्थान सेवा समिति के जिला महासचिव श्रीपाल वर्मा के संचालन में हुए कार्यक्रम में अनुपम कुमार गंगवार, अशोक कुमार यादव, सर्वेंद्र सिंह, मंजू राजपूत, गोल्डी राजपूत, अंशुल कुमार, कैलाश चंद्र त्रिपाठी, अवधेश चंद्र दुबे, शिव शरण सिंह, देवेंद्र राजपूत एडवोकेट ,अंजू सिंह वैस समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## बच्चों ने फूल और गुलाल से खेली होली

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बाबा पंचम सिंह जनता इंटर कॉलेज नगला लक्ष्मण हृदय रामपुर शंकरपुर में बच्चों ने धूमधाम के साथ फूल और गुलाल से होली खेली।

इस मौके पर प्रधानाचार्य एके यादव, प्रबंधक संतोष कुमार यादव और व्यवस्थापक दलगजनसिंह यादव ने बच्चों को बताया होली हिंदुओं का एक मुख्य त्यौहार है। इसे बुराइयों को भूल कर अच्छाइयों का प्रतीक माना गया है। होली सर्दी खत्म करने को आती है और जैसे ही होली में आग लगाई जाती है वैसे ही खेतों में सुनहरी गेहूं की बलियां चमकने लगती हैं। उधर बाबा विश्वनाथ विद्या मन्दिर हायर सेकेंडती स्कूल सेंसारपुर में भी बच्चों ने धूमधाम से होली मनाई।

# खाद्य विभाग ने 15 किलो रंगीन मिलावटी कचरी कराई नष्ट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

होली के त्योहार से पहले मिलावटी और कृत्रिम रंग से युक्त खाद्य पदार्थों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने जोरदार अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने नगर के बाजार में छापेमारी की।

विशुनगढ़ रोड स्थित एक दुकान पर बिक्री के लिए रखी गई कचरी में कृत्रिम रंग की मिलावट की आशंका होने पर टीम ने मौके पर ही नमूना लिया और लगभग 15 किलो रंगीन कचरी को जब्त कर नष्ट करा दिया। यह कार्रवाई उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई, क्योंकि कृत्रिम रंगों से बनी ऐसी कचरी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है। टीम ने अन्य दुकानदारों को भी सख्त हिदायत दी कि वे स्वच्छता, गुणवत्ता मानकों और




एफएसएसएआई नियमों का पूर्ण पालन करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने व्यापारियों को जागरुक करते हुए कहा, ÷उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। मिलावटखोरों के खिलाफ कोई ढील नहीं बरती जाएगी। सभी व्यापारी शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ ही बेचें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। विभाग त्योहारों के दौरान ऐसे अभियान जारी रखेगा ताकि लोग बिना किसी चिंता के त्योहार मना सकें।

# प्रेम व सौहार्द से मनाएं होली का पर्व : आसमा बेगम

- केमिकल रंगों से रहे दूर, गुलाल का करें उपयोग: ईओ
- मुसलमान भाई- बहनें माह-ए-रमजान में अल्लाह की इबादत में मशगूल

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

होली रंगों का पर्व है, प्रेम व सौहार्द का त्योहार है, उल्लास और उल्लासित करने का अवसर है, ऐसे में नफरती बोल हरकतों से अपनी और दूसरों के रंग में भंग न डालें। रंगों के पर्व कों प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएं।

यह बातें होलिका दहन की पूर्व




संध्या पर नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने व्यक्त की उन्होंने कहा कि नगर पंचायत समधन की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल दी जाती है। यहां सभी लोग आपस में भाईचारा के साथ त्योहारों को मनातें है। एक ओर रंगों का त्योहार होली होगा और दूसरी तरफ कुछ दिन बाद इसी माह ईद उल फितर का त्योहार होगा दोनों त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता है।

मुसलमान भाई- बहनें माह-ए-रमजान में अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। रंगों के पर्व पर इस सौहार्द पर किसी के रंग नहीं लगना चाहिए जनता जनार्दन से मेरा निवेदन है कि मस्जिद जाते किसी भी रोजेदार पर रंग न डालें कोई भी धर्म नफरत की इजाजत नहीं देता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि होली पर्व पर नफरती बोल का प्रयोग न करें उन्होंने नगर की जनता को होली की शुभकामना भी दीं। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि होली पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें होली पर केमिकल रंगों का उपयोग बिल्कुल न करें, जिससे किसी की त्वचा पर कोई हानि न पहुंचे उन्होंने कहा कि नगर पंचायत आपको स्वच्छ वातावरण प्रदान करने का पूरा प्रयास करतीं हैं। आप सबका भी कर्तव्य है कि नगर को स्वच्छ बनाने तथा हरा-भरा बनाए रखने में हमारा सहयोग करें ईओ ने नगर की आवाम को होली और माह-ए-रमजान की शुभकामनाएं दी।

# समाज में एकता का संदेश देता है होली : अमित कुमार यादव

- विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व

**समधन, (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।**

जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में छात्र/छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षकों के साथ होली पर्व मनाया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने जमकर मस्ती की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने इस मौके पर कहा कि होली पर्व को हम भारतीय संस्कृति के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान के हर त्योहार में एक संदेश



होता है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार पर अपने मन से एक दूसरे के प्रति द्वेष मिटाकर आपसी प्रेम बढ़ाने तथा भाईचारा निभाने का प्रयास करें। होली जैसे पवित्र त्योहार को अश्लीलता एवं फूहड़पन से बचाकर इसकी पवित्रता को बनाए रखें। होली पर्व हमें समाज में एकता का संदेश देता है। इस पर्व पर हम आपसी वैमनस्यता को त्याग कर एक दूसरे के गले मिलें। इससे पहले विद्यालय में होली का अवकाश घोषित किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने एक दूसरे के जमकर रंग लगाया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक भी शामिल रहे। इस मौके पर शिक्षक विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, सरनाम सिंह, मनीष शर्मा, रंजीत कुमार, संदीप कुमार, वीरेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, रिषभ तिवारी, अमन यादव, आशीष कुमार, सचिन कुमार, अमन कश्यप, धीरेन्द्र कुमार, स्वाति , सौम्या , श्रुति, सुजाता, जूही, मुस्कान,ज्योति, संजू , छाया, अनामिका, रागिनी,सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं कर्मी मौजूद रहे।

# महादेवी वर्मा की जयंती पर डीएम ने अर्पित की पुष्पांजलि

**साहित्य प्रेमियों ने प्रतिमा के पास लगे ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग की**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक संस्था अभिव्यंजना के तत्वावधान में छायावादी युग की महान कवयित्री महादेवी वर्मा की जयंती मनायी गई। फाल्गुनी पूर्णिमा पर सोमवार को रेलवे रोड स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक संजय गर्ग तथा संस्था के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह के आमंत्रण पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। जनपद के अनेक साहित्यकार, कवि, शिक्षाविद् और साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में सहभागिता की। साहित्यकार महादेवी वर्मा प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। वर्ष 1907 में महादेवी वर्मा का जन्म नगर के गणेश प्रसाद मोहल्ले में हुआ था। उनका बाल्यकाल मध्य प्रदेश में व्यतीत हुआ, उनकी शिक्षा और अध्यापन कार्य इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज) में हुआ, किंतु जन्मभूमि से उनका गहरा आत्मिक संबंध बना रहा। यही कारण है कि नगर के साहित्यकार उन्हें अपनी प्रेरणा-श्रोत मानते हैं और उनकी जयंती को साहित्यिक उत्सव के रूप में मनाते हैं। महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य के छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ मानी जाती हैं। उनकी रचनाओं में करुणा, संवेदना, आध्यात्मिकता और नारी अस्मिता की सशक्त अभिव्यक्ति मिलती है। वे केवल कवयित्री ही नहीं, बल्कि शिक्षाविद्, समाजसेवी और साहित्यिक चेतना की अग्रदूत भी थीं। हिंदी साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। अभिव्यंजना द्वारा प्रतिमा के निकट रखे ट्रांसफार्ममर हटवाने के लिए ज्ञापन दिया। इस पर अनेक साहित्यकारों के हस्ताक्षर हैं।

डीएम ने महीयसी महादेवी वर्मा को नमन करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में फर्रुखाबाद को इनके नाम से पहचान मिली है। भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वर्ष भर हिंदी को सम्मान प्रदान करने के लिए अभिव्यंजना कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इस अवसर पर महेश पाल सिंह, सुरेन्द्र पांडेय, बृजकिशोर सिंह, रामशंकर मिश्र अबोध, भारती मिश्रा, रविंद्र भदोरिया, समाजसेवी संजय गर्ग, निमिष टण्डन, नलिन श्रीवास्तव, सदानंद शुक्ला, राजकुमार गौतम राजू, सौरव शुक्ला, अखिलेश अग्निहोत्री, अनुराग पांडे, राजेश निराला, राजेश हजेला, उपकार मणि सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।



माल्यार्पण के दौरान मौजूद डीएम व अन्य



महादेवी वर्मा मूर्ति के पास रखा ट्रांसफार्मर

# होली पर किन्नरों ने ठुमके लगाकर दुकानदारों से वसूला नेग



होली पर नृत्य करते किन्नर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रंग बरसे चुनरवाली रंग बरसे की धुन पर होली के अवसर पर किन्नर समुदाय के लोगों द्वारा बधाई देने का एक विशेष महत्व है।

किन्नर समुदाय के लोग अपने अद्वितीय नृत्य और गायन के साथ और होली के अवसर पर किन्नर गुरु रंगोली, बबली गुरु अपने चेलों के साथ होली पर गीत एवं नृत्य के साथ लोगों को होली की बधाइयां दी। किन्नर गुरु ने अपने समाज की तरफ से होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी, भगवान आपको सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। वहीं बाजार में दुकानदारों ने खुशी-खुशी नेग देकर होली की बधाइयां दी।

# रंगों की मस्ती के बीच सुरक्षित होली का संदेश

**केडी बालिका डिग्री कालेज में छात्राओं ने जमकर खेली होली**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज आवास विकास में सोमवार को होली के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं ने होली गीतों पर समूह नृत्य, लोकगीत और कविताओं की प्रस्तुति दी। पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने एक.-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंगों की फुहारों और हंसी-खुशी के बीच आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया गया। कॉलेज परिसर रंग-बिरंगे रंगों से सराबोर नजर आया और हर चेहरे पर मुस्कान थी। प्राचार्य डॉ. रूबी यादव ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षित और संयमित तरीके से होली मनाने की सलाह दी तथा पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया। समारोह का समापन हर्षोल्लास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षिकाएं एवं कॉलेज स्टाफभी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व को यादगार बना दिया।



होली खेलने के दौरान मौजूद छात्रायें

# होली पर चेकिंग के नाम पर पुलिस न करें किसी का उत्पीड़न: मुकेश राजपूत

**20 साल से मैंने व मेरी पत्नी ने कोई सम्पत्ति नहीं खरीदी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सांसद मुकेश राजपूत ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि पुलिस होली पर चेकिंग के दौरान आम जन लोगों का उत्पीड़न न करें। सुरक्षा की दृष्टि से केवल तलाशी लें। उन्होंने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता में जनपदवासियों को होली की शुभकामनायें देते हुए कहा कि होली पर पुलिस वाहन चेकिंग सुरक्षा की दृष्टि से करें पर चालान न करें और न ही उनका उत्पीड़न करें।

सभी लोग दूर दराज से आकर अपने घर जाते है, ऐसे में लोग एक दूसरे को होली को बधाई दें और गिले सिकवे दूर करें। होली की आग से कहीं बिजली की बंच केबिल न जल जाए, ऐसे में बिजली विभाग व एसडीएम को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में गंगा, रामगंगा एवं काली नदी के तीन बड़े पुलों के अलावा तीन बड़ी पुलियों के निर्माण के लिए 900 करोड़ रुपयों की मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी है। उन्होंने कहा की सभी पुल फोर लेन के बनेंगे। उन्होंने विरोधियों द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार कि सांसद अपने आवास के निकट वाला प्लाई ओवर नहीं बनने देना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि मैंने रेल मंत्री से मांग की है कि पहले देवरामपुर क्रॉसिंग वाला फ्लाई ओवर बनवाया जाए, कायमगंज वाला बाद में बने, जिससे विरोधियों के मुंह पर लगाम लग सके। विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पांचाल घाट पर 5 करोड़ की लागत से काफी बड़ा कम्युनिटी सेंटर बनेगा, जिससे गंगा स्नान करने वालों को काफी सहूलियत मिलेगी। पहले कन्नौज एवं मैनपुरी जिले में विकास होते थे, लेकिन अब फर्रुखाबाद में बहुत तेजी से विकास हो रहे हैं, सभी सड़क 7 से लेकर 10 मीटर चौड़ी हो रही है। बिजली की क्षेत्र में भी काफी काम हो रहा है, यह सब योगी व मोदी सरकार की देन है। उन्होंने दिल्ली के यू-ट्यूबर द्वारा मुकेश राजपूत की आय में 12768 प्रतिशत की बढ़ोतरी के प्रचार को दुष्प्रचार प्रचार बताते हुए दावा किया कि मेरी आय एक प्रतिशत तक नहीं बढ़ी है। मैं 11 साल से सांसद हूं, 20 साल से मैंने व मेरी पत्नी ने कोई संपत्ति नहीं खरीदी है। मैंने आज तक किसी से फूटी कौड़ी तक नहीं ली है और न ही किसी की जमीन हड़पी है। लोग मेरी जमीन पर कब्जा करने की फिराक में है। पूर्व की संपति जो एक करोड़ की थी अब उसकी कीमत 10 करोड़ हो गई है, यह सभी के साथ होता है, जिसकी कीमत बढ़ी है। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, सतीश राजपूत, सांसद के प्रतिनिधि अनूप मिश्रा मौजूद रहे।



वार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत

## बच्चों के विवाद में दो भाइयों को पीटा



घायल युवक

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी रोहित ने दी तहरीर में बताया कि सोमवार को नल पर पानी पीने को लेकर बच्चों-बच्चों में विवाद हो गया था। जिसे उसने समझा बुझाकर शांत करा दिया था। आरोप है कि इसके बाद पड़ोस के रहने वाले दो लोग लाठी-डंडा लेकर आ गए और गाली-गलौज करते हुए रोहित के साथ मारपीट करने लगे। जब उसका भाई बचाने आया तो हमलवारों ने उसे भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए के लिए सीएचसी भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएमओ ने दिए निर्देश, होली पर डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

होली के त्योहार के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार ने सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। यह निर्णय बुधवार को मनाए जाने वाले होली पर्व के लिए लिया गया है, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। सीएमओ ने बताया कि त्योहारों के दौरान दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ जाती है। इसके अलावाए होली के रंगों के कारण आंखों और त्वचा संबंधी समस्याएं भी सामने आती हैं। इन स्थितियों से निपटने और मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। उन्होंने बताया कि सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध हैं। विशेष रूप से आंखों के ड्रॉप और एंटी एलर्जिक दवाइयों का भी पूरा इंतजाम किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पताल पहुंचने वाले किसी भी मरीज को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें अस्पताल से ही आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सीएमओ ने यह भी बताया कि वे स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी इंतजाम पुख्ता हैं और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल सकें।



सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार

# फागनी पूर्णिमा की जयंती पर वर्तमान की पीड़ा में

**मैं नीर भरी दुख भारी दुख की बदली....**

**जयंती पर साहित्यकारों द्वारा पुस्तक का हुआ विमोचन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंदगी और अतिक्रमण से मुक्त हो छायावादी युग की कवित्री महादेवी वर्मा की जयंती पर दर्जनों संस्थाओं ने गंदगी और अतिक्रमण से मुक्ति की पीड़ा व्यक्त की। उनकी पहले भी पीड़ा थी सामाजिक बंधन में और आज भी उनकी आत्मा कर रही है। मैं नीर भरी दुख की बदली... उन्होंने सामाजिक जीवन में नारी शिक्षा पर्यावरण युवाओं में क्रांति की ज्वाला ऐसी रचनाएं को लेकर समाज को जन जागरण किया। साहित्य जगत की दीप शिखा के माध्यम से समाज को जागृति करने का कार्य किया। उन्होंने दजनों पुस्तकें साहित्य के माध्यम से समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दिया। वर्तमान समय में भी उनकी अग्नि रेखा युवाओं की प्रेरणा स्रोत बनी हुई है।

नगर की साहित्यिक संस्था, अभिव्यंजना संस्कार भारती, दीप संस्था, अभिव्यक्ति वाणी संस्था, महादेवी स्मृति पीठ, पांचाल शोध संस्थान, फर्रुखाबाद महोत्सव, पांचाल साहित्य प्रकाशन, उद्योग व्यापार मंडल सहित अनेक संस्थाओं ने महादेवी को नमन किया। पुष्पांजलि के साथ साहित्य जगत की पीड़ा जिला अधिकारी आशुतोष द्विवेदी के साथ समवव्यक भूपेंद्र सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, गणेश शुक्ला, बृज किशोर सिंह, राजेश निराला, रविंद्र भदोरिया, सुशिक्षण तिवारी, अनुराग पांडे, उपकार मणि, नलनीश श्रीवास्तव, राम शंकर, अखिलेश अग्निहोत्री, राजू गौतम, सदानंद शुक्ला, सुरेंद्र पांडे, भारती मिश्रा, गौरव तिवारी, अनुराग अग्रवाल, संजय गर्ग, विनय अग्रवाल, राम शंकरअबोध, राम अवतार शर्मा इन्दू, अजय चौहान, निमिष टंडन, अनुभव सारस्वत, उदयपाल छोटू आदि मौजूद रहे। वहीं महादेवी समृति पीठ द्वारा डॉ0 शिव अंबर के निवास पर छायावादी युग की कवित्री की स्मृति में गोष्ठी का आयोजन किया गया। लेखकों की पुस्तक का लोकार्पण किया गया। आयकर अधिवक्ता राजन माहेश्वरी, ललिता माहेश्वरी, उत्कर्ष अग्निहोत्री, योगेश मिश्रा, बृज किशोर सिंह, राजीव मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, सुनील अवस्थी, साहित्यकार समाजसेवी ने साहित्य गोष्ठी में महादेवी वर्मा को श्रद्धा सुमन एवं काव्य गोष्ठी में उनकी यादों को गुन गुनाया। संचालन डॉ. शिव ओम अम्बर ने किया।



पुस्तक का विमोचन करते कवि व साहित्यकार

## आर्य समाज का होलिकोत्सव आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में होलिकोत्सव के पर 3 फरवरी को प्रातः 10 बजे से भव्य व प्रेरणादायी वृहद वैदिक यज्ञ एवं दिव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र चेतना का अद्भुत संगम होगा। जिसमें जनपद भर से आर्य वीर-वीरांगनाएँ, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदमंत्रों की पावन ध्वनि एवं वैदिक अग्निहोत्र से होगा। यज्ञ में विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि, राष्ट्र की उन्नति और मानव मात्र के कल्याण के लिए विशेष आहुतियाँ अर्पित की जाएंगी। इसके उपरांत दिव्य होली मिलन समारोह में पारंपरिक अबीर-गुलाल के साथ प्रेम, सद्भाव, एकता और बुराइयों के दहन का संदेश दिया जाएगा। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने जानकारी देते हुए कहा कि होलिकोत्सव हमें असत्य, अन्याय और कुरीतियों को त्यागकर सत्य, सदाचार और वैदिक संस्कृति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# युवक के शव की चार दिन बाद हुई पहचान, फिरौती कॉल से मामला संदिग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र में बहने वाली रामगंगा नदी के महेशपुर घाट पर मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान चार दिन बाद हो गई। परिजनों ने रविवार को कपड़ों और साथ मिले सामान के आधार पर शव की शिनाख्त की।

शनिवार को ग्रामीणों ने नदी में एक शव तैरता हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर राजेपुर थानाध्यक्ष सुदेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकलवाया। उपनिरीक्षक आशुतोष ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। रविवार सुबह करीब 11 बजे हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के आंझी निवासी अशोक सिंह राजेपुर थाने पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान अपने 20 वर्षीय पुत्र अभय प्रताप सिंह के रूप में की। अशोक सिंह ने बताया कि अभय 24 फरवरी को सुबह आठ बजे सीतापुर स्थित अपनी ननिहाल जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। उसी दिन एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। इसके बाद 25 फरवरी को मझिला थाने में अभय की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजनों के अनुसारए अभय का एक छोटा भाई अंश है और मां का नाम संध्या देवी है। थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा और उसी आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिरौती कॉल के पहलू को भी गंभीरता से जांच में शामिल कर रही है।

# पिकअप व टेंपो की भिड़ंत में दस घायल

**पांच गंभीर रूप से घायलों को लोहिया किया रेफर**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

पिकअप व टेम्पो की आमने सामने भिड़ंत में दस लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। पांच गंभीर रुप से घायलों को लोहिया रेफर किया गया। थाना नवाबगंज के गांव समैचीपुर चितार निवासी आदेश वाल्मीकि स्वजनों अखिलेश , मोहित, उमेश, अनिकेत, नीरज, रोहित, आशिक, सागर, आदेश व राज के साथ रविवार देर रात लगभग नौ बजे टेंपो से क्षेत्र के गांव सिवारा निवासी रिश्तेदार राजीव बाल्मीकि की दादी के बरसी भोज की दावत खाने गए थे। वापस लौटते समय सिवारा स्थित पेट्रोल पंप के निकट सामने से आ रहे टेंपो से पिकअप की भिड़ंत हो गई। जिससे टेंपो सवार दस लोग घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद रोहित, आशिक, सागर, आदेश व राज को लोहिया रेफर किया गया, जबकि अन्य का इलाज जारी है। घायलों के अनुसार टेंपो व पिकअप चालक मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## 16 क्वार्टर देशी शारब के साथ एक गिरफ्तार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। मुखबिर की सूचना पर नवाबगंज थाना पुलिस ने सोमवार एक युवक को देशी शराब बेचते पकड़ लिया। उसके कब्जे से 16 देशी शराब के क्वाटर बरामद किए। पुलिस युवक को थाने ले गई और उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम विमलेश कुमार पुत्र सोबरन निवासी सुल्तानगंज चिर्रा थाना बिछवा जनपद मैनपुरी बताया। पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# छह डग्गामार बसें सीज, 3 का चालान, 2.32 लाख का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआरएम रोडवेज द्वारा सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया, ताकि होली के पर्व के दृष्टिगत यात्रियों को सुरक्षित परिवहन मिल सकें। टीम द्वारा दिल्ली से फर्रुखाबाद तथा दिल्ली से जयपुर के मध्य संचालित 6 बसों को बस अड्डे में सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त तीन अन्य बसों का चालान किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।




पकड़ी गई बस की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

# रोडवेज बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद में एक रोडवेज बस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार दोपहर को उस समय हुई, जब दोनों युवक भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा के दर्शन कर अपने गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने बस को घेर लिया।


जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के थाना टड़ियामा क्षेत्र के गांव तेलियानी निवासी राम लखन अपने साथी देवेंद्र के साथ चार दिन पहले मथुरा गए थे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वे बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव रजलामई स्थित एक कॉलेज के सामने एटा डिपो की एक रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने बस को आगे से बाइक लगाकर रोक लिया और रोडवेज चालक को घेर लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बस चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। कुछ समय के लिए मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई थी। सूचना मिलने पर चौकी फैजबाग पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की और दोनों पक्षों से जानकारी जुटाई। हादसे के कारण कुछ समय तक सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहाए जिसे बाद में पुलिस ने सुचारु कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद बाइक काफी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि बस को मामूली नुकसान पहुंचा। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गयाए जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के संबंध में थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि पुलिस को घटना की मौखिक सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



लोगों के जानकारी करती पुलिस

# रमजान में रोजा तमाम बुराइयों से रोकता है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का सबसे अहम दौर माना जाता है। रोजा रुहानी और जिस्मानी ताकत को बढ़ाने का अमल है। बंदा अल्लाह की रजा के लिए सुबह सादिक से लेकर गुरुबे आफताब तक के लिए खाने पीने से रुक जाता है और जिस्म के तमाम हिस्सों की




बुराइयों से रोके रखता है। मुसलमानों के लिए रमजान बरकत का महीना है। शमशाबाद नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन **नदीम अहमद फारुखी** का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का सवाब 70 गुना देता है। गरीबों में फितरा, जकात, सदका, खैरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने वाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे भी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सके। अल्लाह इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारी नवी पर कुरान नाजिल फरमाया।



नदीम अहमद फारुखी

**सपा नेता मुजीबुल हसन** ने बताया मुसलमानों के लिए रजमान वह बाबरकत महीना है जिसमें अल्लाह अपनी रहमतों की बारिस करता है। जिसमें मोमिनों के तमाम गुनाह घुल जाते हैं।

यह वह अजीम महीना है जिसमें अल्लाह ने तौरैव जुबूर, इंजील और कराने करीम नाजिल फरमाया। इसी माह में अल्लाह ने एक रात शबे-कद्र की भी रखी है। जिसकी इबादत हजार रातों से अफजल है।



मुजीबुल हसन

सभासद **असलम अंसारी** का कहना है कि सब एक साथ मिलकर इखत्यार में शरीक होते हैं। अल्लाह से दुआ की है कि सब एक हों सब नेक हों और अमन, चैन सुकून कायम रहे। सभी के बीच बच्चों और इखलाक कायम बना रहे। जहां की नफरतों की दुश्मनी खत्म हो लोगों के दिलों में दुश्मनी की कोई जगह न हो। रमजान, रेजा, इफ्तार, सहरी, जकात, फितरा, तरावीह समेत यह सभी चीजें रमजान में मुबारकबाद का आगाह करती हैं।



असलम अंसारी

